विवाह के बाद पहिले पहलपति के गृह में वधू के प्रवेश को वधू प्रवेश तथा वधू प्रवेश हो जाने के बाद पिता के गृह में फिर वह जाय पुनः पति के गृह में जाने को द्विरागमन कहते हैं, और द्विरागमन हो जाने के बाद वह वधू पित्रालय में जाकरपुनः पति के गृह में आने का त्र्यङ्ग यात्रा कहते हैं । वधू प्रवेश औरद्विरागमन का अर्थ पंकज शब्द के समान बालक से वृद्ध पर्यन्त पूर्वोक्त अर्थ के समान जानते हैं । शास्त्रों में कहीं भी वधूप्रवेशार्थ यात्रा का नाम द्विरागमन नहीं लिखा है । किसी किसी आधुनिकों ने कोरी कल्पना करके नूतन पद्य रचना कर एक वर्ष के बाद वधू प्रवेश को जो द्विरागमन कहते हैं, वह महर्षियों की आज्ञा को भङ्ग करते हैं, वधू प्रवेश चाहे कितने ही दिन व्यतीत होने परहो उसको वधू प्रवेश कहते हैं उसमें शुक्रके सम्मुख दक्षिणका निषेध कहीं भी नहीं है । वात्स्यायन के "स्त्री विवाहः कुले निर्गमः कथ्यते पुंविवाहप्रवेशो वशिष्ठादिभिः । निर्गमादादितीगप्रवेशो हितस्तत्र सम्वत्सरान्तोऽवधिः कीर्तितः ॥" इस वचन का भावार्थ यह है कि स्त्री का विवाह निर्गम पुरुष का विवाह प्रवेश संज्ञक है । पुरुष का विवाह होने के बाद कुल में स्त्री का विवाह जब तक सम्वत् न बीते तब तक न करे । परन्तु लाल बुझक्कड़ इसका अर्थ ठीक समझके एक सालतक वधू

अथ द्विरागमनार्थं नक्षत्रादीनां चक्रम्

रो	मृ.	अश्वि.	अनु.	श्र.	ध.	ह.	चि.	स्व.	नक्षत्र
पुन	पू.	रे.	रे.	उ.फा.	उ.षा.	उ.भा.	०	०	०
१	३	५	७	९	११	१३	१५	१७	वर्ष
मार्ग०			फाल्गुन			वैशाख			मास
मि.	क.	तु.	ध.	म.	मी.	०	०	०	लग्न
र.	च.	बु.	गु.	शु.	०	०	०	०	०
१	२	३	५	७	८	१०	११	१३	तिथि

गर्भाधानमुहूर्त्तः

श्रुतित्रये मृगे हस्ते मित्रभे ध्रुवसंज्ञक ।
सद् वारे सत्तिथौ श्रेष्ठं स्थिरे लग्ने महीसुराः ॥ ५ ॥
शुभे त्रिकोणे केन्द्रस्थे पापे षष्ठत्रिलाभक ।
पुत्रकामः स्त्रियं गच्छेन्नरो युग्मासु रात्रिषु ॥ ६ ॥

आधारणी यंत्रम्							
आ	पु.	पु.	पू.पा.	उ.भा.	मू.	रे.	अ.
ह.	मू.	पू. षा.	उ. षा.	न.	र.	सं.	वृ.
वा.	१	२	३	५	६	७	८
१०	११	१२	१३	नि.	१	२	३
सा.	६	२	५	८	११	९	१२

टी०—श्र. ध. श. मृ. ह. अनु. तीनों उत्तरा रो. इन नक्षत्र में शुभवार शुभतिथि में स्थिर लग्न में त्रिकोण ५।९ केन्द्र । १४।७।१३ इनमें सौम्यग्रह और ३।६

प्रवेशकी अवधि मिथ्या लिखा है, भला स्त्री का विवाह निगमपुरुष का प्रवेशके जो वह तात्पर्य निकाले हैं सो यह तो विचारें कि पहिले निर्गम बाद प्रवेश है कृपया अपनी भूल स्वीकार करिये पुनः पुस्तक को धार्मिक बुद्धि से सुधारिये ।

११ इनमें पापग्रह हों तो उस समय जो स्त्री प्रसंग करे तो संतान अवश्य होवे, परन्तु रात्र्यंध लग्न त्याज्य हैं । पुत्र की इच्छा वालों को युग्मरात्रि में ही स्त्री प्रसंग करना चाहिये ॥ ५-६

पुंसवनादिमुहूर्त्तः

पुनर्वसौ तथा पुष्ये मृगे वै श्रवणे करे ।
मूलभेहि गुरौसूर्ये भौमे रिक्तां विना तिथिः ॥ ७ ॥
आद्ये द्वये त्रये मासे लग्ने कन्या झषे स्थिरे ।
चापे पुंसवनं कुर्यात् सीमंतं चाष्टमे तथा ॥ ८ ॥

टीका-पु०,पु०,मृ,श्र,ह०,मू० इन नक्षत्रों में पुंसवन संस्कार करे और इसमें गुरु, रवि, मंगलवार में परन्तु रिक्ता ४।९।१४ तिथि वर्जित है । इसमें १।२।३ मास और ६।१२।२ ५।११।८ इन लग्नों में पुंसवन करे और सीमंत अष्टम ८ वें मास में करे ॥

नामकरण मुहूर्त्तः

पुनर्वसुद्वये हस्तत्रये मैत्रे हरित्रये ।
दस्रे ध्रुवे मृगे पौष्णे द्वादशैकादशे दिने ॥ ९ ॥
अन्यत्रापि शुभे योगे वारे बुधशशांकयोः ।
भानोर्गुरोः स्थिरे लग्ने बालनामकृतं शुभम् ॥१०॥

टी० पु. पु. ह. चि. स्वा. अनु. श्र. ध. श. अ. ध्र. व. मृ. रे.नक्षत्र और ११।१२ वें दिन ब. चं. र. गुरुवार और २।५।८।११ इन लग्नों में बालक का नामकरण शुभ होता है ॥९-१०॥

बालक नामकरण यंत्रम्

पु.	पु.	ह.	चि.स्वा.	ऽनु	ज्ये	मू.	मृ.
उ३	ध.	चि	सू. चं.	बु.	बृ.	वा	ल.
१	२	५	८ ल.	नामकरण			

बालनिष्क्रमणम्

मैत्रभे श्रवणे पुष्ये मृगे सूर्यर्क्षभे तथा।
दास्रे पौष्णे च वसुभे शुभेवारे दिनेश्वरे ॥११॥
सिंहत्रये घटे लग्ने मासयोस्त्रिचतुर्थयोः।
यात्रातिथौचनिष्कास्यः शिशुर्नैवार्किभौमयोः॥१२॥

टीका–अनु. श्र. ध. मृ. पु. रे. पु. अ. ये नक्षत्र, सिंह कन्या तुला, कुम्भ ये लग्न तीसरे चौथे मास में और यात्रा मुहूर्त्त में कही हुई तिथियों में पहिले कन्या व पुत्र को बाहर निकालना शुभ है, परन्तु भौम शनिवार वर्जित है ॥११-१२॥

अथ बाल निष्क्रमणायत्रम्

ऽनु	ज्ये	मू.	श्र.	ध.	रे	०
मृ.	पु.	पु.	ह.	स्वा.	उ. फा.	०
रे.	अ.	उ.	ऽनु	नक्षत्र	पा.	०
२	८	१३	तु.	१०	१५	ति
सिं	क.	तु.	कं.	ल.	ग्न.	०

प्रसूतिकास्नानेत्यागः

पुनर्वसुद्वयं चित्रा विशाखा भरणीद्वयम्।
मूलमार्द्रा मघा हेया श्रवणो दशमस्तथा ॥१३॥
सोमशुक्रबुधा नारी प्रसूतीस्नानकर्मणि।
हेया प्रतिपदा षष्ठी नवमी च तिथित्त्रयम् ॥१४॥

टीका–पुनर्वसु, पुष्य, चित्रा, वि० भ० कृ० मू० आ० म० श्र० ये दश नक्षत्र प्रसूति स्नान में वर्जित हैं। सोम, शुक्र, बुध,

१—पौष्णाश्विनी मघा सार्प पुरुहूताख्यभानि च। मूलं च तर्कनक्षत्र शूलाख्यं एषु भेषु वै ॥ १॥ उत्पन्नानां कुमाराणाम् अनिष्टानि भवन्ति च। तत्र प्रकुर्वीत शान्ति साराज्ञया ध्रुवम् ॥ २॥

ये वार वर्जित और १।६।९।३० ये तिथियाँ वर्जित हैं। अतः इनमें प्रसूती स्त्रियाँ स्नान करें ॥ १३-१४ ॥

प्रसूतिका स्नान मुहुर्तः ।

रोहिण्युत्तररेवत्यो मूलं स्वात्यनुराधयोः ।
धनिष्ठा च त्रयः पूर्वा ज्येष्ठायां मृगशीर्षके ॥१५॥
एते यत्रागताभानि प्रसूती स्नानकोविदैः ।
वारे भौमार्कयोर्जीवे स्नानमुक्तं सदैव हि ॥१६॥

टीका-रोहणी, तीनों उत्तरा, रेवती, मूल, स्वाती, अनुराधा, धनिष्ठा, पूर्वात्रय, ज्येष्ठा, मृगशिरा ये चौदह नक्षत्र को ले और भौम, रवि गुरु ये वार स्नानमें विशेष शुभ हैं ॥१५-१६॥

प्रसूतीस्नानयंत्रम्							
ऽश्व.	रो	मृ.	अ.	पू.	उ.	फा	ह.
स्वा.	ऽनु	ज्ये	पू.	उ.	फ.	ध.	श.
पू. ३	रे.	वा	सु.	च.	बृ.	१०	ज
३	४	५	६	८	१०	११	१२
१३	१४	४	ये	ति	थि	०	०

नवाम्बरधारणम्

हस्तादिपंचकेऽश्विन्यां धनिष्ठायां च पौष्णभे ।
गुरौ शुक्रे बुधे वारे धार्यं स्त्रीभिर्नवांबरम् ॥१७॥
पुंभिः पुनर्वसुद्वन्द्वे रोहिण्युत्तरभेषु च ।
लग्ने मीने च कन्यायां मिथुने च वृषे शुभे ॥१८॥

टीका-ह० चि० स्वा० वि० अनु० अश्वि० ध० रे० पुष्य पुनर्वसु रोहिणी तीनों उत्तरा इन १४ नक्षत्रों में गुरु, शुक्र, बुध, ये वार, मीन, कन्या, मिथुन, वृष ये लग्न स्त्री को नवीन

वस्त्र धारण करने के लिए शुभ है ॥ १७-१८ ॥

जलपूजनम्

मूलादितिद्वयं मैत्रं श्रुतिचान्द्रकराः शुभाः।
जलवाप्यर्चनं हेयाः शुक्रमंदार्कभूमिजाः ॥१९॥

टीका—मू० पु० पु० अनु० श्र० मृ० ह० ये नक्षत्र ग्राह्य हैं, शुक्र, शनि, रवि, भौम, ये वार त्याज्य हैं। ऐसे मुहूर्त में प्रसूता स्त्री कूप जलाशय का पूजन करे ॥ १९ ॥

नवान्नभोजनमुहूर्ताः

नवान्नभोजने ग्राह्यं वस्त्रे प्रोक्तमशेषतः।
वारादिकौ सूर्यसोमौ नक्षत्रं श्रवणो मृगः ॥२०॥

टीका—जो नक्षत्र वस्त्र धारण में है वही नक्षत्र और श्र० मृ० नक्षत्र तथा वस्त्र धारण के वार में और सूर्य चन्द्रवार में नवान्न भोजन कराना शुभ है ॥ २० ॥

अन्नप्राशनमुहूर्तः

आद्यान्नप्राशने पूर्वाः सर्पार्द्रा कृत्तिका यमः।
त्र्युत्तरे रोहिणी मैत्रे द्विदेवेन्द्राश्वराक्षसः ॥२१॥
नक्षत्राणि परित्यज्य वारौ भौमार्कनन्दनौ।
द्वादशीसप्तमीरिक्ता पर्वनन्दास्तु वर्जिताः ॥२२॥
लग्नेषु च झषो ग्राह्यो वृषः कन्या च मन्मथः।
शुक्लपक्षे शुभे योगे संग्राह्यः शुभचन्द्रमा ॥
मासे षष्ठाष्टमे पुंसां स्त्रियो मासि च पंचमे ॥२३॥

प्रथममन्नप्राशनमुहूर्त्तयन्त्रम्							
ऽश्वि	कृ.	रो.	मृ.	पु.	पु.	म.	उ.
ह.	चि	स्वा	वि	ऽनु	ज्ये	मू	भ.
ध.	ध.	उ.	रे.	मं.	सू.	च	बु.
शु.	बृ.	वा	२	३	५	१०	१३
ति.	२	३	६	२	ल.	शु.	उ.
या.	च.	द्व.	पु.	र.	पुर	ब.	६
८	मा	सा	स्त्रिया		५	मा	स

टीका—बालक के अन्न प्राशन मुहूर्त्त में पूर्वा ३ आश्लेपा, आर्द्रा कृत्तिका व भरणी तीनों उत्तरा रोहिणी अनु० वि० ज्ये० मू० ये नक्षत्र और भौम, शनि ये वार १२।७।४।९।१४ ३०। १।६।११ ये तिथियाँ, व्यतीपातादि दुष्ट योग ये सब वर्जित हैं और, मीन वृष, मिथुन कन्या ये लग्न शुभ हैं। और शुक्लपक्ष तथा शुभयोग में और शुभ चन्द्रमा में तथा छठवें मास में पुत्र के अन्नप्राशन में ग्राह्य हैं और कन्या का अन्नप्राशन पांचवें मास में करें ॥ २१-२३ ॥

चूड़ाकर्म तथा भूषणधारणम्

पुनर्वसुद्वयं ज्येष्ठा मृगश्च श्रवणत्रये ।
हस्तत्रये च रेवत्यां शुक्लपक्षोत्तरायणे ॥२४॥
लग्ने गोस्त्रीधनुः कुम्भो मकरो मन्मथस्तथा ।
सौम्ये वारे शुभे योगे चूडाकर्म स्मृतं बुधैः ॥२५॥
हस्तत्रये हरिद्वंद्वे पूर्वाश्च मृगपंचके ।
मूले पौष्णे च नक्षत्रे बुधेऽर्के गुरुशुक्रयोः ॥२६॥

चूडाकर्ममुहूर्तयन्त्रम्							
पु.	पु.	ज्ये	मृ.	श्र.	ध.	ह.	श.
चि	स्वा	रे.	न.	शु.	क्ल	प.	त्तः
११	१२	१	२	३	रा.	शि	चं.
बु.	बृ.	शु.	वा	र.	२		११
१०	३	ल.	ग्न		३	५	६
७	१०	१	१३	त	थि	भ.	द्रा
ज्य	ती	१३	त.	त्र	ज्ये	हैं	०

टीका-पुनर्वसु से दो यानि पु० पु० ज्ये० मृ० श्र० ध० श० ह० चि० स्वा० रे० ये नक्षत्र, शुक्ल पक्ष, उत्तरायण बृ० क० कुं० ध० म० मी० ये लग्न और चन्द्र, बुध शुक्र ये वार सर्वाङ्ग मुंडन में श्रेष्ठ हैं । जन्ममास, रिक्ता ये मुण्डन और भूषण धारणमें वर्जित हैं । ह० चि० स्वा० श्र० ध० पू० उ० म० अ० पु० पु० ऽश्ले० मृ० रे० ये नक्षत्र रवि, बुध, गुरु, शुक्र ये वार भूषण धारण करने में शुभ हैं ॥ २४-२६ ॥

विद्यारम्भमुहूर्तः ।

देवोत्थाने मीनचापे लग्ने वर्षे च पंचमे ।
हस्तत्रये हरिद्वन्द्वे पूर्वाशिवमृगपञ्चके ॥२७॥
मूले पौष्णे च तोयेशे बुधेऽर्के गुरुशुक्रयोः ।
विद्यारंभोऽत्र वर्ज्यश्च षष्ठ्यनध्यायरिक्तकाः ॥२८॥
रिक्तायां च अमायां च प्रतिपत्सु विवर्जयेत् ।
बुधेन्दुवासरे मूर्खः शनिभौमौ मृतिप्रदौ ॥२९॥
विद्यारम्भे गुरुः श्रेष्ठो मध्यमौ भृगुभास्करौ ।
बुधेन्दू चोपविद्यायां शनिभौमौ परित्यजेत् ॥३०॥

टीका-देवोत्थान-कार्तिक शुक्ल ११ से आषाढ़ शुक्ल ११ तक ह. चि. स्वा. श्र. ध. तीनों पूर्वा अ. मृ. आ. पु. पु. श्ले. म. रे. श. नक्षत्र में बु. सू. बृ. शु. वार में मीन, धन लग्न और पांचवें

वर्ष में विद्यारम्भ करना चाहिये इनमें षष्ठी, अमावस्या, परिवा, चतुर्थी, नौमी, चतुर्दशी ये तिथियाँ वर्जित हैं। यदि बुध व चन्द्र वार में विद्यारम्भ करे तो बालक मूर्ख हो शनि भौम में मृत्यु हो, विद्यारम्भ में गुरुवार श्रेष्ठ है, शुक्र, रवि मध्यम हैं। बुध, सोम उपविद्या में श्रेष्ठ कहे हैं, शनि मंगल सर्वथा त्याज्य है किसी २ के मत से बुधवार भी है॥ २७-३०॥

यज्ञोपवीत मुहुर्तः

रोहिणी रसभेऽश्विन्यां त्र्युत्तरे पूर्विकात्रये।
हस्तत्रये श्रुतिद्वन्द्वे पौष्णे मैत्रे जलेशभे॥३१॥
द्वितीयायां तृतीयायां पंचम्यां दशमीत्रये।
बुधशुक्रेज्यार्कचन्द्रे वारे पक्षे तथासिते॥३२॥
लग्ने वृषे धनुः सिंहे कन्यामिथुनयोरपि।
व्रतबंधः शुभे योगे ब्रह्मक्षत्रविशांपतेः॥३३॥
पापो भौमः शनिः केतुः क्रूरो राहूरविस्तथा।
सौम्यः सोमो बुधश्चैव गुरुः शुक्रस्तथैव च॥३४॥

टीका-रोहिण मृ. आ. पु. पुष्य, श्ले. अश्विनी, तीनों पूर्वा-तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा स्वाती श्र. ध. अनु. शत., रे. नक्षत्र में उत्तरायण सूर्य में २।३।५।१०। ११।१२। तिथि, रवि, चन्द्र, बुध, शुक्र, गुरुवार, शुक्लपक्ष और वृष, धन कन्या मिथुन

व्रतबन्धमुहूर्त यन्त्रम्

पु	अ.	ह.	चि	स्वा	श्र.	ध.	श.	ज्ये
म.	मृ.	पु	रे.	उ.	उ.	उ.	सू.	वृ.
ध.	कु.	मी	वृ.	मि	उ.	त्त.	रा.	य.
२	३	५	१०	११	१२	ति.	शु	क्ल
प.	क्ष.	२	४	७६		ल.	ग्न	शु.
त्रा.	ह्म.	ण.	क्ष	त्री	वै.	श्य		

लग्न तथा शुभ योग, ये व्रतबन्ध में शुभ हैं, इनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तीनों का व्रतबन्ध शुभ कहा है, किसी के मत से मूल में व्रतबन्ध होना शुभ है और पुनर्वसु त्याग है किन्तु बड़े ग्रंथों में चारों वेदों के ब्राह्मण के मुहूर्त पृथक् पृथक् लिखे गये हैं ॥३१-३४॥

कर्णवेध मुहूर्तः

श्रुतित्रयेऽदितिद्वन्द्वे मैत्रे हस्तद्वये तथा ।
दस्रे विधियुगे मूले पूषाभे सौम्यवासरे ॥३५॥
द्विस्वभावघटे लग्ने कर्णवेधः प्रशस्यते ।
चैत्रपौषौ हरिस्वापं वर्षं च युगलं त्यजेत् ॥३६॥

टीका—श्र. ध. श. पु. पु. अ. ह. चि. अनु. रो. मृ. मु. रे. ये नक्षत्र सौम्यवार और मि. क. ध. मी. कुं. लग्न शुभ है । चैत, पौष, आषाढ़ शुक्ल ११ और सम वर्ष ये त्याज्य हैं।

अथ कर्णवेधमुहुर्तयन्त्रम् ।							
०	०	०	रो.	मृ.	मू.	रे.	अ.
श्र.	ध.	श.	पु.	पु.	अ.	ह.	चं.
च.	बु.	वृ.	शु.	वा	३	२	६
१२	११	ल.	क.	शा	ग्ये	आ	मा
मृ.	फा	मा	१	२	५	७	व.

वास्तु कर्म मुहूर्तः

पूर्वाषाढादितिद्वन्द्वं विधियुग्मं हरित्रयम् ।
उत्तराफाल्गुनीहस्तत्रयं मूलं च रेवती ॥३७॥
मैत्राऽश्विन्यौ च लग्नानि सिंहः कन्या घटो वृषः ।
मिथुनं मकरो ग्राह्यं वास्तुकर्मणि कोविदैः ॥३८॥
श्रावणश्चाथ वैशाखः कार्तिकः फाल्गुनस्तथा ।
मासेषु मार्गशीर्षश्च वास्तुकर्मणि शस्यते ॥३९॥

वज्रव्याघातशूलानि व्यतीपातश्च गंडकः ।
विष्कुंभः परिघो वर्ज्यो वारो भौमश्चभास्करः ॥४०॥

अथ वास्तुकर्ममुहूर्त यंत्रम्							
पू.	पु.	पु.	मृ	श्र.	ध.	श.	श.
उ.	ह.	चि	स्वा	मू.	रे.	ऽनु	वि
न.	५.	६.	११	२	३	१०	ल.
श्र	वै.	का	फा	मृ	मा	मा	श्रौ
शो	शी	ऽति	शु.	धृ.	शु	शु.	म.
वि	शी	सी	सी	शु.	वा	ए.	वै.

टीका-पूर्वाषाढ़ा, पु. पु. रो, मृं श्र. ध. श. उ. फा. ह. चि. स्वा. मृ. रे. अनु. अश्वि. ये नक्षत्र और सिं. क. कु. वृ. मि. मकर लग्न श्राव. का. फा. मार्गशीर्ष, ये मास वास्तुकर्म में शुभ हैं। वज्र व्या. व्य. गं. वि, प. ये योग और मंगल रविवार ये वास्तुकर्ममें त्याज्य हैं ॥१७-४१

वापीकूपतडागदेवालयानांमुहूर्त्ताः

आर्द्रा शतभिषाऽश्लेषा विशाखा भरणीद्वयम् ।
त्याज्या च द्वादशीरिक्ता षष्ठी चन्द्रदयोऽष्टमी ॥४१॥
प्रतिपच्च तिथिर्वारौ त्याज्यौ शनिकुजौ तथा ।
देवमूर्तिप्रतिष्ठायां स्थिरे लग्नोत्तरायणे ॥४२॥

देवालय मुहूर्त यंत्रम् ।							
अ.	रो.	मृ.	पु.	पु	म.	पू.	उ.
ह.	चि	स्वा	ग्ये	मू.	पू.	उ.	ऽनु
श्र.	ध.	पु.	उ.	रे.	म.	३	२
१	७	१०	११	३	वि	सू.	चं.
बु.	बृ.	शु-	वा	१	६	८	उ.

टीका-आ. श. आश्लेपा चि. भ. कृ. ये नक्षत्र, १२।४।९।१४।३० ६।१।८। ये तिथि, शनि भौमवार ये सब त्याज्य हैं, और वृष, सिंह, वृश्चिक, कुम्भ तथा उत्तरायणका सूर्य इनमें वाप्यादि तथा देव प्रतिष्ठा करे ॥ ४१-४२ ॥

गृहप्रवेशमुहूर्त्तः

विशाखा भरणी हेया श्लेषाख्या च मघा तथा।
अमावास्या च रिक्ता च वारे भौमे रवौ तथा॥४३॥
गृहप्रवेशो वैशाखे श्रावणे फाल्गुने तथा।
आश्विने च स्थिरे लग्ने ग्राह्यः पक्षो बुधैः सितः॥४४॥

गृह प्रवेश यंत्रम्							
अ.	रो.	मृ.	अ.	पु.	पु.	उ.	ह.
चि	स्व	अ.	ग्ये	मू.	श्र.	ध.	श.
रे.	न.	चं.	वु.	वृ.	अ.	श.	वा
व-	म.	पौ.	मा	फा	ज्ये	मा	स.
२	३	८	११	ये.	ल.	रत	शू.

टीका–वि. भ. श्ले. म. ये नक्षत्र, ३०।४।९ १४ ये तिथि भौम रवि ये वार गृह प्रवेशमें वर्जित है। ४० वैशाख, श्रावण, फाल्गुन आश्विन ये मास, वृ., सिं., वृ., कुम्भ ये स्थिर लग्न और शुक्लपक्ष गृहप्रवेशमें उत्तम हैं॥ ४३–४४॥

हलचक्रमुहूर्त्तः

अनुराधाचतुष्कञ्च मघादितियुगे करे।
स्वातिश्रुतिविधिद्वन्द्वे रेवत्यामुत्तरात्रये॥४५॥
गोस्त्रीभषे हलं कार्यं हेयःसूर्यः शनिः कुजः।
षष्ठी रिक्ता द्वादशी च द्वितीया पर्वयुग्मकम् च॥४६॥

त्रिभिस्त्रिभिस्त्रिभिः पंच त्रिभिः पंचत्रिभिर्द्वयम्। सूर्यभादिनभंया वृद्धानिर्वृद्धिर्हले क्रमात्॥४७॥

टीका–अनु० ज्ये० पूर्वा० म० पु० यु० ह० स्वा० श्र० रा० मू० रे० २ तीनों

उत्तरा, नक्षत्र हल कर्म मे शुभ हैं। वृ. मी. क. ये लग्न और रवि, शनि, मङ्गलवार ६।४। १४।९।१२ ३० तिथि व्यतीपात योग ये त्याज्य हैं। सूर्यके नक्षत्र से दिनके नक्षत्र तक गने, यह क्रमसे हलचक्रमे समझ लेना। प्रथम हानि, फिर वृद्धि फिर हानि फिर वृद्धि इसी प्रकार उसका फल जाने ॥४५-४७॥

हलचक्रम्							
ऽनु	ज्ये	मू.	पू.	म.	पु.	पु.	ह.
स्वा	अ	रो	म.	उ.	३	र.	न.
२	६	१	ल.	र.	चं	बु.	वृ.
शु.	वा	१	५	७	०	११	ति.
३	२	३	१	३	५	३	३
ह.	वृ.	दा	वृ.	हा	वृ.	हा.	वृ.

यात्राविचारः

अनुराधात्रायं हस्तो मृगाऽश्वौ चादितिद्वयम्।
यात्रायां रेवती शस्ता निंद्याद्राभरणीद्वयम् ॥४८॥
मघोत्तरा विशाखा च सर्पश्चान्ये न मध्यमाः।
षष्ठी रिक्ता द्वादशी च पूर्णिमाऽमा च वर्जयेत् ॥४९॥
लग्ने कन्यामन्मथश्च मकरश्च तुलाधरः।
यात्रा चन्द्रबले कार्या शकुनं च विचारयेत् ॥५०॥

टीका—अनु. ज्ये. ह. म. अ. पु. पु. रे नक्षत्र यात्रामें शुभ हैं, आर्द्रा. भ. कृ. ये वर्ज्य हैं और मघादि नक्षत्र मध्यम हैं ॥३॥ ६।९।१२।१४।३०।१५ तिथि और व्यतीपात योग वर्जित हैं, कन्या मि. तु. मकर ये लग्न शुभ हैं। और जो हो चन्द्रबल, शकुन आदि का विचार यात्रा में अवश्य करे॥ ५०॥

दिक्शूल ज्ञानम्

शनौ चन्द्रे त्यजेत्पूर्वां दक्षिणां च दिशं गुरौ।
सूर्ये शुक्रे पश्चिमां च बुधे भौमे तथोत्तरम् ॥५१॥

टीका–शनि सोम पूर्व को, गुरु दक्षिण को, रवि शुक्र पश्चिम को और मङ्गल बुध उत्तर को दिशाशूल है। यह यात्रा में वर्जित है ॥ ५२ ॥

यात्रिकनक्षत्राणि

सर्वदिग्गमने हस्तः पूषाश्वौ श्रवणो मृगः ।
सर्वसिद्धिकरः पुष्यो विद्यायां च गुरुर्यथा ॥५२॥

टीका--ह. रे. अ. मृ. पु. श्र. ये नक्षत्र शुभ हैं। उनमें पुष्य ऐसा सिद्धिप्रद है जैसे विद्या में बृहस्पति होता है। ५२ ॥

योगिनीवासनिर्णयः ।

प्रतिपत्सु नवम्यां च पूर्वस्यां दिशि योगिनी ।
अग्निकोणे तृतीयायामेकादश्यां तु सा स्मृता ।५३।
त्रयोदश्यां च पंचम्यां दक्षिणस्यां शिवप्रिया ।
द्वादश्यां च चतुर्थ्यां च नैर्ऋत्यां कोणगामिनी ॥५४॥
चतुर्दश्यां च षष्ठ्यां च पश्चिमायां च योगिनी ।
पूर्णिमायां च सप्तम्यां वायुकोणे तु पार्वती ॥५५॥
दशम्यां च द्वितीयायामुत्तरस्यां शिवा वसेत् ।
ऐशान्यां दर्शे चाष्टम्यां योगिनी समुदाहृता ॥५६॥

टीका—परिवा, नवमी को योगिनी पूर्व में बसती है, अग्निकोण में ३।११, दक्षिण में ५।१३, नैर्ऋत्यमें १२।२४, पश्चिम में १४।६, वायव्य में १५ ७, उत्तर में १०।२ ईशान्य ३०।८ को योगिनी वास करती है ॥ ५३–५६ ॥

यात्रायां योगिनीफलम्

योगिनी सुखदा वामे पृष्ठे वांछितदायिनी ।
दक्षिणे धनहन्त्री च सम्मुखे मरणप्रदा ॥५७॥

टीका---यात्रा में बायीं योगिनी सुखप्रदा, पीछे बांछाप्रदा, दाहिनी धननाशक है और सम्मुख हानिप्रदा होती है ॥ ५७ ॥

ई.	पू.		आ.
	८।०	१।६	३।११	
उ.	२ १०	योनि	५।१३	द.
	७।१५	६।१४	४।१२	
वा.		प.		नै.

यात्रातिथयः

मासस्य प्रतिपच्छ्रेष्ठा द्वितीया कामकारिणी।
आरोग्यदा तृतीया च चतुर्थी कलहप्रदा ॥५८॥
पंचमी च श्रिया युक्ता षष्ठी कलहकारिणी।
भक्ष्यपानसमायुक्ता सप्तमी सुखदा सदा ॥५९॥
अष्टमी व्याधिदा नित्यं नवमी मृत्युदा स्मृता।
दशमी भूरिलाभास्यादेकादशी च हेमदा ॥६०॥
द्वादशी प्राणसंदेहा सर्वसिद्धा त्रयोदशी।
शुक्ला वा यदि वा कृष्णा वर्जनीया चतुर्दशी ॥६१॥
पौर्णिमाथाममायां च प्रस्थानं नैव कारयेत्।
तिथिक्षये च मासांते ग्रहणान्ताद् दिनत्रये ॥६२॥

टीका— १-श्रेष्ठ २ कामचारिणी, ३ आरोग्यप्रद, ४ कलहप्रद, ५ लक्ष्मीप्रद, ६ कलहप्रिय, ७ भोजनप्रद, ८ व्याधिप्रद, ९ मृत्युप्रद, १० लाभप्रद, ११ स्वर्गप्रद, १२ प्राणसंदेह, १३ सिद्धिप्रदा है दोनों १४ अमावस्या त्याज्य हैं, १५।३० में भूल कर भी प्रस्थान (यात्रा) न करे और क्षय तिथि, मासांत तथा ग्रहण के तीन दिन बाद भी त्याग देवे ॥ ५८-६२ ॥

राहुविचारः

अष्टसु प्रहारार्धेषु प्रथमाद्येष्वहर्निशम् ।
पूर्वस्यां वामतो राहुस्तुर्यात्तुर्यदिशि व्रजेत् ॥६३॥
राहुः प्राच्यां ततो वायुर्दक्षिणैशानपश्चिमे ।
आग्नेयोत्तरनैर्ऋत्ये प्रहरार्द्धं च तिष्ठति ॥६४॥
जयश्च दक्षिणे राहुर्योगिनी वामतः शुभा ।
पृष्ठतो द्वयमाख्यातं चन्द्रमाःसंमुखे शुभः ॥६५॥

टीका—आठों दिशाओं में राहु जिस प्रकार दिन रात्रि में चलता है, उसे चक्र में विचार करें। यात्रा में राहु दक्षिण शुभ है, योगिनी वाम शुभ है, और पीछे दोनों शुभ हैं पर चन्द्रमा सन्मुख और दक्षिण ही शुभ है ॥ ६३—६५ ॥

दिवसे पर्वा.दत्रासचतुर्थघटिकाराहुचक्रम्

पर्व	वा.	द.	ई.	प.	आ.	उ.	नै.	दिशा
३॥ यावत्	७। या.	११। या.	१५ या.	८॥ या.	२५॥ या.	२६। या.	३० या.	३०घटीउपरा ३॥यावत्

रात्रौ चतुर्थघटिकाराहुविभागचक्रम्

पर्व	वा	द.	ई.	प.	आ.	उ.	नै.	दिशा
३३॥। यावत्	७॥ या.	४१। या.	४५ या.	४८।॥ या.	५२॥ या.	५६। या.	६० या.	३०घटीउपरा ३॥ यावत्

चन्द्रवासविचारः।

चन्द्रश्चरति पूर्वादिक्रमेण दिक्चतुष्टयम् ।
मेषादिभेषु यात्रायां संमुखे दक्षिणे शुभः ॥६६॥
मेषे च सिंहे धन पूर्वभागे वृषे च कन्यामकरे च याम्ये ।

*युग्मे तुलाकुंभसु पश्चिमायां कर्कालिमीने दिशि चोत्तरस्याम् ॥ ६७ ॥

टीका—चन्द्मा पूर्वादि क्रम से चारों दिशा में चलता है वह यात्रा में मेषादि क्रम से सम्मुख तथा दाहिने शुभ है। अर्थात् मेष सिंह धन का चन्द्रमा पूर्व में रहता है, वृष कन्या मकर का दक्षिण में, मिथुन तुला और कुम्भ का पश्चिम में कर्क, वृश्चिक मीन का चन्द्रमा उत्तर दिशा में वास करता है ॥ ६६--६७

चन्द्रवासफलम्

सन्मुखे चार्थलाभाय पृष्ठे चन्द्रे धनक्षयः ।
दक्षिणे सुखसंपत्तिर्वामे तु मरणं भवेत् ॥ ६८ ॥

टीका—सन्मुख चन्द्रमा से धन लाभ, पीछे धन हानि दाहिने सुख संपत्ति और बायें मृत्यु होती है ॥ ६८ ॥

रवि विचारः

यामयुग्मे च रात्रौ च वामे पूर्वादिगो रविः ।
यात्रायां दक्षिणे वामे प्रवेशे पृष्ठके द्वयम् ॥६६॥

टीका--प्रहर रात्रि रहते, प्रहर दिन चढ़ते सूर्य पूर्व में बसता है, फिर दो-दो प्रहर दक्षिण में प्रहर दिन रहते तथा प्रहर रात्रि तक पश्चिम में फिर दो दो प्रहर दिन उत्तर में वास करता है। वह यात्रा में दहिने वांये शुभ है और गृह प्रवेश में सम्मुख पीछे शुभ है ॥ ६९ ॥

* युग्मे तुलायाञ्च घटे प्रतीच्यामिति पाठः समीचीनः ।

कुलिकयोगः

मनुभानुदिशासर्परसवेदाश्विनः क्रमात् ।
रविवारान्मुहूर्त्तोऽयं कुलिको निंदितः स्मृतः ॥७०॥

टीका-रविवार को १४ वाँ मुहूर्त कुलिक है, सोम को १२ वाँ भौम को १० वाँ, बुध को ८ वाँ गुरु को ६ वां शुक्र को १४ वाँ, शनिको २ कुलिक योग होता है, वह शुभ कार्य में वर्जित है ॥ ७० ॥

कालहोराविचारः

गता नाड्यो द्विगुणिताःपंचभिश्चविभाजिताः ।
शेषं त्याज्यं युतश्चैकः सप्तशेषं प्रशंसितम् ॥७१॥
कालहोरेति विख्याता सौम्यः सौम्यफलप्रदः ।
सूर्यशुक्रबुधश्चन्द्रौ मंदजीवकुजाः क्रमात् ॥७२॥
यो वारो यत्र दिवसे तदादि गणयेत्क्रमात् ।
शुभग्रहस्य सुखदो मुहूर्तोऽनिष्टदुःखदः ॥७३॥

टीका-सूर्योदय से गतघटी, द्विगुणित कर उसमें पाँच का भाग देवे, जो शेष बचे उसको घटा कर एक बढ़ा दे फिर सात का भाग दो जो शेष बचे वही होरा होवे । १ बचे तो रवि, २ चन्द्र, ३ मंगल, ४ बुध, ५ गुरु, ६ शुक्र, ७ शनि को क्रम से शुक्र. बुध, चन्द्र, शनि, गुरु मंगल, इस प्रकार प्रतिदिन होरा दिवस होता है । सूर्य से गिने २ घटी २९ पल प्रथम दिनको ४,। ५ दूसरे, ७।२७ तीसरे, ९।५६ चौथे, १२।२५ पाँचवें, १४।५४ छठवें, १७।२४ सातवें दिन को होता है ॥७१-७३॥
उदाहरण-गत नाड़ी ७ है इसे २ से गुणा किया तो १४ हुए इसको दो जगह धरे एक जगह १४ में ५ का भाग दिया तो शेष ४ बचे

इसको दूसरे के १४ में हीन किया तो १० बचे इसमें १ युत किया तो ११ हुआ इसमें ७ का भाग दिया तो शेष ४ बचे सोमवार को विचार किया अतः सोमवार से चौथा गुरु है इसीका काल होरा हुआ ।

सर्वाङ्कमुहूर्तविचारः

तिथिं वारं च नक्षत्रं नामाक्षरसमन्वितम् ।
द्वित्रिचतुर्भिगुणितं रससप्ताष्टभाजितम् ॥७४॥
आदिशून्ये भवेद्धानिर्मध्यशून्ये रिपोर्भयम् ।
अन्त्यशून्ये भवेन्मृत्युः शेषांके विजयी भवेत् ॥७५॥

टीका—तिथि, वार, नक्षत्र और नाम के अक्षर को जोड़कर पिंड बनावे, उसे दूना करके ६ का भाग देवे फिर उस पिंडको चौगुना करके आठका भाग देवे, जो प्रथम शून्य आवे तो हानि होवे मध्य शून्य में भय, अन्त्य शून्य में मृत्यु हो और जो तीनों में शेष अंक बचे तो विजय होवे ।। ७४-७५ ॥

उदाहरण—तिथि १७ वार ५ नक्षत्र १३ नाम का मन्त्री २ है उसको एकत्र जोड़ा तो ३७ हुआ, इसको ३ जगह धरा । एक जगह दो से गुणा तो ७४ हुये । दूसरे जगह ३ से गुणा तो १११ हुवा, तीसरे जगह ४ से गुणा तो १४८ हुवा, दो से गुणे अंक ७४ में ६ का भाग दिया तो २ शेष, बचा तीन से गुणे अंक में ७ का भाग दिया तो शेष ६ बचे, तीसरे जगह के गुणित अंक १४८ में ८ का भाग दिया तो शेष ४ बचा तीनों जगह शेष बचा है अतः विजय होगी ।

स्वरशकुनविचारः

शशिप्रवाहे गमनादिशस्तं सूर्यप्रवाहे नहि किंचनापि।
प्रष्टुर्जयःस्याद्बहुमानभागेरिक्के च भागेविफलंसमस्तम्

टीका—जो चन्द्रस्वर बायें चले तो यात्रा करे सूर्य स्वर दाहिने में अशुभ होने से यात्रा न करे और जो शून्य भाग में दोनों चले तो सब कार्य निष्फल हो ॥ ७६ ॥

यात्रायां शुक्रविचारः

दक्षिणे दुःखदःशुक्रः सम्मुखे हन्ति लोचनम् ।
वामे पृष्ठे शुभो नित्यं रोधयेच्चास्तगः शुभः ॥७७॥

टीका—जो यात्रा से शुक्र दहिने हो तो दुःख देता है सम्मुख नेत्र पीड़ा करे और बायें पीछे पड़े तो शुभ है। शुक्रास्त में कोई शुभ कार्य न करें ॥ ७७ ॥

क्रयविक्रयविचारः

पुष्ये भाद्रपदायुग्मं मैत्रंश्रवणमश्विनी ।
हस्तोत्तरा मृगस्वाती तथाऽऽश्लेषा च रेवती ॥७८॥
ग्राह्याणि भानि चैतानि क्रयविक्रयणे बुधैः ।
चन्द्रभार्गवजीवाश्च वाराः शकुनमुत्तमम् ॥७९॥

टीका—पुष्य पूर्वाभा० उत्तराभा० अनु० ध० अश्वि० ह० तीनों उत्तरा, मृ०, स्वा, ऽश्ले०, रे०, ये नक्षत्र क्रयविक्रय में शुभ हैं, ऐसा पंडित लोग कहते हैं और चन्द्र, शुक्र, बृहस्पति ये वार तथा शुभ शकुन विचार कर गाय, भैंस, अश्वादि का क्रयविक्रय करे ॥ ७८–७९ ॥

धनिष्ठापंचकविचारः

धनिष्ठापंचकं त्याज्यं तृणकाष्ठादिसंग्रहे ।
त्याज्या दक्षिणदिग्यात्रागृहाणां छादनं तथा ॥८०॥

टीका—धनिष्ठा से रेवती तक पंचक कहलाता है इसमें तृण काष्ठादि का सचय, दक्षिण दिशा की यात्रा गृहाच्छादन,

प्रेतदाह, शय्या का वितरण न करना चाहिये ॥ ८० ॥

तैलाभ्यङ्गविचारः

तैलाभ्यंगे रवौ तापः सोमे शोभा कुजे मृतिः ।
बुधे धनं गुरौ हानिः शुक्रे दुःखं शनौ सुखम् ॥८१॥
रवौ पुष्पं गुरौ दूर्वा भौमवारे च मृतिका ।
गोमयं शुक्रवारे च तैलाभ्यंगे न दोषभाक् ॥८२॥

टीका-रविवार को तैल लगावे तो ताप हो, सोमवार को शोभा, मंगलवार को मृत्यु, बुध को धन, गुरु को हानि, शुक्र को दुःख और शनिको सुख होय ॥ यदि अवश्य तेल लगाना हो तो रवि को पुष्प, बृहस्पति को दूर्वा, मङ्गल को मृत्तिका, शुक्र को गोबर संयुक्त लगावे तो दोष नहीं होता ॥ ८१-८२ ॥

रोगीस्नानमुहूर्तः

आश्लेषाद्वितयं स्वाती रोहिणी च पुनर्वसुः ।
रोगिस्नाने रेवतीं च वर्जयेदुत्तरात्रयम् ॥८३॥
रिक्तातिथौ चरे लग्ने वारे च रविभौमयोः ।
स्नानं च रोगिणां प्रोक्तं द्विजभोजनसंयुतम् ॥८४॥

टीका-अत्र रोगी स्नानमें वर्जित नक्षत्र कहते हैं । आश्ले० म० स्वा० रो० रे० तीनों उत्तरा इन नक्षत्रों को छोड़ कर शेष १८ नक्षत्र में ४।९।१४। इन तिथियों में मे० क० तु० मकर इन लग्नों में, और रवि मङ्गल वारों में ब्राह्मण को भोजन कराकर रोगी स्नान करे ॥ ८३-८४ ॥

आनन्दादियोगाः

आनंदः कालदंडश्च धूम्राक्षश्च प्रजापतिः ।
सौम्यो ध्वांक्षोध्वजश्चापि श्रीवत्सोवज्रमुद्गरौ ॥८५॥

छत्रं मित्रं मानसाख्यं पद्माख्यं लुम्बस्तथा ।
उत्पातमृत्युकाणश्च सिद्धिश्चार्थः शुभोऽमृतः ॥८६॥
मुशलो गदमातंगराक्षसश्च चरः स्थिरः ।
वर्द्धमानश्च विज्ञेया अष्टाविंशतिरित्यपि ॥८७॥
फलं तु नामसदृशं योगा दैवज्ञभाषिताः ।
अश्विनी रविवारे च योगो ह्यानंदसंज्ञकः ॥८८॥
मृगशीर्षे शीतरश्मिः श्लेषायां क्षितिनंदनः ।
बुधे हस्तोऽनुराधा च देवराजपुरोहिते ॥८९॥
भार्गवे चोत्तराषाढा शनौ शतभिषा यदा ।
तदानंदाख्ययोगः स्यात्कालदंडादयः क्रमात् ॥९०॥

टीका-दैवज्ञ (ज्योतिषी) इन योगों के फल नामानुसार कहते हैं । अश्विनी को रवि हो तो आनन्द योग होता है । इसी भाँति कालदंडादि योग चक्र से जानिये ॥ ८५-९० ॥

आनन्दादियोगचक्रम्

आनन्दादि	सू.	च.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	फल
आनन्द	अ.	मृ.	श्ले.	ह.	अ.	उ.षा.	श.	सिद्धि
कालदण्ड	भ.	आ.	म.	चि	ज्ये	अ.	पू.	मृत्यु
धूम्र	कृ.	पु.	पू.	स्वा	मू.	श्र.	उ.	भय
धाता	रो.	पु.	उ.	वि	पू.	ध.	रे.	सौख्य
सौम्य	मृ.	श्ले.	ह.	अ.	उ.	श.	अ.	शुभ
ध्वांक्ष	आ.	म.	चि	ज्ये.	अ.	पू.	म.	अरिष्ट

केतु	पु.	पू.	स्वा	म.	श्र.	उ.	कृ.	सिद्धि
श्रीवत्स	पु.	उ.	वि	पू.	ध.	रे.	रो.	शुभ
वज्र	श्ले.	ह.	अ.	उ.	श.	अ.	मृ.	कलह
मुग्दर	म.	चि	ज्ये.	अ.	पू.	भ.	आ.	हानि
छत्र	पू.	स्वा	मू.	श्र.	उ	कृ.	पु.	सिद्धि
मित्र	उ.	वि	पू.	ध.	रे.	रो.	पु.	सौख्य
मानस	ह.	अ.	उ.	श.	अ.	मृ.	श्ले.	धन
पद्म	चि	ज्ये.	अ.	पू.	भ.	आ	म.	शुभकर्म
लुम्ब	स्वा	मू.	श्र.	उ.	कृ.	पु.	पू.	हानि
उत्पात	वि	पू.	ध.	रे.	रो.	पु.	उ.	विघ्न
मृत्यु	अ.	उ.	श.	अ.	मृ.	श्ले.	ह.	मृत्यु
काग	ज्ये.	अ.	पू.	भ.	आ.	म.	चि	धनहानि
सिद्धि	मू.	श्र.	उ.	कृ.	पु.	पू.	स्वा	मनकाम
शुभ	पू.	ध.	रे.	रो.	पु.	उ.	वि	सर्वसौख्यं
अमृत	उ.	श.	अ.	मृ.	श्ले.	ह.	अ.	शुभ
मुशल	अ.	पू.	भ.	आ.	म.	चि	ज्ये.	मानहानि
गद	श्र.	उ.	कृ.	पु.	पू.	स्वा	मू.	रोग
मातङ्ग	ध.	रे.	रो.	पु.	उ.	वि	पू.	वाहन
राक्षस	श.	अ.	मृ.	श्ले.	ह.	अ.	उ.	शुभ
चर	पू.	भ.	आ.	म.	चि	ज्ये.	अ.	चलन

सुस्थिर	उ.	कृ	पु.	पु.	स्वा.	मू.	श्र.	तोष
प्रवर्धमान	रे.	रो.	पु.	उ.	वि.	पू.	ध.	वृद्धि

अमृतसिद्धियोगः

हस्तः सूर्ये मृगः सोमे वारे भौमे तथाऽश्विनी ।
बुधे मैत्रे गुरौ पुष्यं रेवती भृगुनन्दने ॥६१॥
रोहिणी रविपुत्रे च सर्वसिद्धिप्रदायकः ।
अयं चामृतसिद्धिः स्याद्योगः प्रोक्तःपुरातनैः ॥९२॥

टीका-अब अमृत सिद्ध योग कहते हैं । हस्त रविवार को पड़े तो अमृत योग होता है । मृ. सो. अ. मं. ऽनु. बु. गु. पु. रे. शु., रो. शनि को हो तो अमृत सिद्धियोग होता है ।

अथ अमृतसिद्धियोग यन्त्रम्

र.	च.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	वार
ह.	मृ.	ऽश्वि.	ऽनु	पु.	रे.	रो.	नक्षत्र
ऽमृ	ऽमृ	ऽमृ	ऽमृ	ऽमृ	ऽमृ	ऽमृ	योग

यमघण्टयोगः

मघा दित्ये विसाखेन्दौ भौमे चार्द्राऽनिलोगुरौ ।
बुधे मूलं विधिः शुक्रे यमघंटः शनौः करः ॥६३॥

अथ यमघंट यन्त्रम्

सू.	च.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	वार
म.	वि	आ	मू.	कृ.	रो.	ह.	नक्षत्र

टीका-रविवार को मघा वि. सोम. आ. मंगल. मू. बुध. स्वा गुरु रो. शुक्र और शनि को हस्त हो तो यमघंट योग होता है यह योग शुभ कार्य में वर्जित है ॥ ९३ ॥

मृत्युयोगः

नंदा सूर्ये च भौमे च भद्रा भार्गवचन्द्रयोः ।
बुधे जया गुरौ रिक्ता शनौ पूर्णा चमृत्युदा ॥६४॥

मृत्युयोगचक्रम्					
रवि	शुक्र	बुध	गुरु	शनि	
भौम	चन्द्र	०	०	०	वार
१	२	३	४	५	
६	७	८	९	१०	तिथि
११	१२	१३	१४	१५	

टीका—रवि, भौम में नन्दा, शुक्र और सोम में भद्रा बुध में जया, गुरुमें रिक्ता शनि में पूर्णा तिथि हो तो मृत्यु योग है यह शुभ कार्य में वर्जित है।

ककचयोगः

तिथ्यंकेन समायुक्तो वारांको यदि जायते।
त्रयोदशांकः क्रकचो योगः प्रोक्तः पुरातनैः ॥९५॥

अथ ककचयोगचक्रम							
सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	वार
१२	११	१०	९	८	७	६	तिथि

टीका—यदि तिथि और वार की संख्या जोड़ने से १३ हो जाय तो क्रकच योग होता है। जैसे सूर्य १ और द्वादश १२ गिन कर तेरह होते हैं यह यंत्र में समझ लेना ॥ ९५ ॥

अन्धादिनक्षत्राणि

अन्धाक्षश्चिपिटाक्षश्चकाणाक्षो दिव्यलोचनः।
गणयेद्रोहिणीपूर्वं सप्तवारमनुक्रमात् ॥९६॥
अंधे च लभते शीघ्रं मंदे चैव दिनत्रयम्।
काणाक्षे मासमेकं तु सुनेत्रे नैव लभ्यते ॥९७॥

टीका—अब अन्धाक्ष, चिपिटाक्ष, काणाक्ष और सुलोचन ये चार

अथ अन्धादिनक्षत्राणांयन्त्रम्

रो.	पु.	उ.	वि	पू.	घ.	रे.	अन्ध
मृ.	श्ले	ह.	ऽनु	उ.	श.	अ.	चिपि
आ	म.	चि	ज्ये	अ.	पू.	भ.	काण
पु.	पू.	स्वा	मू.	श्र.	उ.	कृ.	सुलो

भाँति के नक्षत्र नष्ट वस्तु में विचारने के लिये कहते हैं। रोहिणी आदि सात बार गिने, रो० अन्ध मृग० चिपि० आ० काण पु, सुलोचन इस रीति से और भी समझले ॥ ९६ ॥ अन्ध नक्षत्र में वस्तु नष्ट हो तो शीघ्र मिलै, जो चिपिटाक्ष और मन्द दृष्टि में जाय तो महीने भर में मिलै और सुलोचन में जाय तो फिर न मिलै ॥ ९७ ॥

नक्षत्र विचारः

पुनर्वसुर्मृगश्चार्द्रा ज्येष्ठा मैत्रं करस्तथा।
पूर्वाषाढोत्तराषाढे मूलं दक्षिणचारिणः ॥९८॥
कृत्तिका रोहिणी पुष्यश्चित्राश्लेषा च रेवती।
शतं धनिष्ठा श्रवणो नव मध्यमचारिणः ॥९९॥
अश्विनी भरणी स्वाती विशाखा फाल्गुनीद्वयम्।
मघा भाद्रपदा युग्मं नव चोत्तरचारिणः ॥१००॥

टीका-पुन. मृ. आ. ज्ये. अनु. ह. पू. पा. उ. पा. मू. ये नक्षत्र पूर्वदक्षिणचारी हैं। कृ. रो. पु. चि. ऽश्ले. रे. श. ध. श्र. ये पूर्व से मध्य को अर्थात् आकाश को चलते हैं अश्वि. भ. स्वा. वि. पू. फा. उ. फा. म. पू. भा. उ. भा. ये पूर्व से उत्तराचारी हैं।

अथ नक्षत्रप्रचारयन्त्रम्

पु.	मृ.	आ.	ये	ऽनु	ह.	पू.	उ.पा.	मू.	दक्षिण
कृ.	रो.	पु.	चि.	श्ले.	रे.	श.	ध.	श्र.	मध्य
अ.	भ.	स्वा.	.	पू.	उ.	म.	पू.भा.	उ.भा.	उत्तर

वत्सयोगः ।

अमतींद्रदिशोवत्सो मासानां च त्रिकं त्रिकम् ।
आदौ भाद्रपदं कृत्वा सव्यतो दिक्चतुष्टयम् ॥
यात्राविवाहसंबन्धे द्वारे च गृहहर्म्ययोः ।
भूपतेर्मेलने युद्धे वत्सस्याभिमुखं त्यजेत् ॥

टीका-पूर्व आदि चारों दिशाओं में वत्सरूप तीन २ मास चौथी-चौथी दिशा में सव्य मार्ग से चल के भ्रमते हैं, जैसे भा. आ. का पूर्व में, मार्ग. पौष माघ. दक्षिण में फा. चै. वै. पश्चिम में और ज्ये. आ. श्रा. उत्तर में यह वत्सयोग यात्रा, विवाह सम्बन्ध, गृह द्वार राजमिलन और युद्ध इन कार्यों में देखना चाहिये. इन योग सामने और दाहिने वर्जित हैं ।

नक्षत्रतारासंख्या

त्रयंयमेऽश्वे चाग्नौ षड्विधौ पंच मृगेत्रयम् ।
एकमार्द्रा च नक्षत्रे चत्वारि च पुनर्वसौ ॥ १ ॥
पुष्ये त्रयं पञ्च सार्पे मघायां चैव पञ्चकम् ।
द्वयं द्वयं च फाल्गुन्या ज्ञेयं हस्ते तु पञ्चकम् ॥ २ ॥
चित्रास्वात्योरेकमेकं चतुष्कं च द्विदैवते ।
त्रयंस्यादनुराधायां ज्येष्ठायां च त्रयं स्मृतम् ॥ ३ ॥

मूले रुद्रश्चतुष्कं च पूर्वाषाढे तथोत्तरे ।
त्रयं चाभिजितः प्रोक्तःश्रवणे च भयं तथा ॥ ४ ॥
धनिष्ठायां च चत्वारः शतं शतभिषासु च ।
द्वयं द्वयं भाद्रयोश्च द्वात्रिंशदपि चांत्यके ॥ ५ ॥

टीका–अ. ३, भ. ३, कृ. ६, रो. ५, मृ. ३, आ. १, पु. ४, पु. ३, आश्ले ५, म. ५, पू. फा. २, उ. २, उ. २, ह. ५, चि. १, स्वा. १, वि. ४, ऽनु. ३. ज्ये. ३, मू. ११, पू. षा. ४, उ. षा. ४, भि. ३ श्र. ३, ध. ४, श. १००, पू. भा. २ उ. रे. ३२ इस प्रकार तारक संयुक्त नक्षत्र उदय होते है ॥१–५ ॥

अथ २८ नक्षत्राणां तारासंख्यायंत्रम्.

अ.	भ	कृ.	रो.	मृ	आ	पु	पु.	आ	म.	पू.फा.	उ.फा.	ह.	चि
३	३	६	५	३	१	४	३	५	५	२	२	५	१
स्वा	वि	ऽनु	ज्ये	मू.	पू.	उ.	अ.	श्र.	ध.	श.	पू.	उ.	रे.
१	४	३	३	११	४	४	३	३	४	१००	२	२	३२

रोहिणीदोषज्ञानम्

लग्नेऽष्टमे व्यये सूर्ये क्षेत्रपालस्य दूषणम् ।
आकाशदेव्याश्चन्द्रे तु लग्ने षष्ठेऽष्टमे व्यये ॥ ६ ॥
द्वादशे दशमे भौमे डाकिनीदूषणं स्मृतम् ।
वनदेव्युद्भवो दोषः सप्तमे द्वादशे बुधे ॥ ७ ॥
जामित्रेद्वादशे जीवेदैव दोषो निगद्यते ।
अस्ते व्यये दैत्यपूज्ये जलदेव्याश्च दूषणम् ॥ ८ ॥

शनैश्चरे व्यये चास्ते दोषः स्यादामवातजः ।
जामित्रे द्वादशे राहुः कुमतिज्ञातिदूषणम् ॥ ६ ॥

टीका–जो सूर्य ८।१२ अथवा १ लग्न में होवे तो क्षेत्रपाल का दोष जानै उस समय क्षेत्रपाल की पूजा करै । जो चन्द्रमा १ । ६।८।१२ हो तो देवी का दोष जानै, उसकी पूजा मानता करे तो कष्ट दूर हो, जो जन्मकाल में मङ्गल १०।१२ हो तो डाकिनी दोष कहे और बुध ७ । १२ हो तो वनदेवी दोष कहे, जो बृहस्पति १२ । ७ हो तो देवदोष जाने, जो शुक्र, ७ । १२ हो तो जलस्थ देवी दोष जानै जो शनिश्चर ११ । ७ हो तो आमवात दोष कर और जो राहु ७ । १२ हो तो कुमति जन्म तथा स्वजातीय दोष से उत्पत्ति कहे ॥ ६–९ ॥

लग्नपरत्वदोषज्ञानम्

पितृदोषो भवेन्मेषे क्षुधाहानिर्विवर्णता ।
वृषे गगनदेव्यास्तु ज्वरो दुःस्वप्नमक्षिरुक् ॥१०॥
मिथुने च महामायादोषो वेलाज्वरोनिलः ।
कर्के च शाकिनीदोषो हास्यरोदनमौनता ॥११॥
सिंहे जले प्रेतदोषो दिवा शीतज्वरोऽरुचिः ।
गृहदोषश्च कन्यायां क्रोधालस्ये तथारुचिः ॥१२॥
क्षेत्रपालभवो दोषस्तुले सन्तानपीडनम् ।
वृश्चिके नागदोषश्च ज्वालदेहे कुबुद्धिता ॥१३॥
चापे देहेभवेद् दोषो ज्वरः शोकोदरव्यथा ।
मकरे चंडिकादोषो देहभंगो ज्वरोऽनिलः ॥१४॥

मलिनप्रेतदोषश्च कुम्भे देहस्य पीडनम् ।
मीनेचाप्यंगनादोषो ज्वरो जंजालदर्शनम् ॥१५॥

टीका—जो मेष लग्न में जन्म हो या ऐसे ग्रह पड़े हों तो पितृदोष होवे और कुरूप होवे, जो वृष में जन्म हो तो आकाश देवी दोष करे, ज्वर हो भयानक स्वप्न देखे नेत्र पीड़ा पावै १० मिथुन में हो तो महामाया दोष करै, सामयिक ज्वर आवै, अग्नि भय होवे । जो कर्क में हो तो शाकिनी दोष से रोवै, हंसे, कभी मूक (गूँगा) हो ॥ ११ ॥ जो सिंह में हो तो प्रेतबाधा करै, दिनमें ज्वर आवे, जो कन्या में हो तो दुष्ट संग्रह दोष से शारीरिक बाधा, क्रोध, आलस्य, अरुचि होवे ॥ १२ ॥ जो तुला में जन्म हो तो क्षेत्रपाल दोष करे, संतान का पीड़ा करे जो वृश्चिक में हो तो सर्प से भय, देह पीड़ा, ज्वर को उत्पन्न करे कुबुद्धि होवे ॥ १२ ॥ धन में जन्म हो तो देह दोष ज्वर, शोक, देहपीड़ा शूल होवे । और जो मकर लग्न में जन्म हो तो चंडिका का दोष हो अंग भग हो और ज्वर होवे ॥ १४ ॥ कुम्भ में हो तो प्रेत दोष करै मलिन रहै, देह पीड़ा हो, योगिनी महा ज्वर करै ॥ १५ ॥

क्षेत्रदोषः

व्यये धर्मे तृतीये च षष्ठे पापग्रहो यदा ।
हतो गरैर्जलैः शस्त्रैस्तस्य दोषः कुलोद्भवः ॥१६॥
शनौ जले कुजे शस्त्रैर्युते सूर्यः स्वबंधुजः ।
राहौ विक्रमतो नेष्टः शांतिपूजाद्विजार्चनैः ॥१७॥
स्वक्षेत्रे गोत्रदोषोऽपि परक्षेत्रे परोद्भवः ।
शत्रुक्षेत्रे शत्रुदोषो मित्रे स्वजनसंभव ॥१८॥

टीका-जो १।२।९।३।६ इनमें पापग्रह हो तो विष जल, तथा शस्त्र से मृत्यु पावै, यह दोष कुलोद्भव दोष है ॥१६॥ जो इन स्थानों में शनि हो तो जल में डुबा जावे, मंगल हो तो हथियार से मरै और राहु हो तो कुत्सित प्रकृति उपजै, चोर और कुमार्गगामी हो तो ब्राह्मण की पूजा करने से शांति हो जाय, जो स्वक्षेत्री ग्रह पड़े तो गोत्रदोष हो और जो परक्षेत्री दूषित ग्रह पड़े तो पर मनुष्य जनित पीड़ा हो जो शत्रुक्षेत्री हो शत्रु से क्लेश पावै और मित्रक्षेत्री हो तो मित्रों से क्लेश पावैं ॥१७-१८॥

वार नक्षत्रशुभाशुभयोगः

आदित्ये चाश्विनी हस्तमूलंपुष्योत्तरात्रयम् ।
सिद्धियोगो धनिष्ठा च तिथिरप्यष्टमी तथा ॥१६॥
सूर्ये विशाखा भरणी ज्येष्ठा मैत्रं मघा तथा ।
चतुर्दशी द्वादशी च विरुद्धा सप्तमी तिथिः ॥२०॥
सोमे पुष्योऽनुराधा च श्रवणो रोहिणी मृगः ।
नवमी दशमी चापि सिद्धियोगाः प्रकीर्तिताः ॥२१॥
चन्द्रे चित्रा विशाखा च तथाषाढाद्वयं बुधैः ।
एकादशी तथा षष्ठी वर्जनीया त्रयोदशी ॥२२॥
भौमे मूलाश्विनी सार्पे मृगश्चोत्तरभाद्रपात् ।
सिद्धाऽष्टमी तृतीया च सप्तमी च त्रयोदशी ॥२३॥
निंद्या शतभिषार्द्रा च धनिष्ठा पूर्वभाद्रपात् ।
मघा चोत्तरषाढा च द्वितीया दशमी कुजे ॥२४॥
अनुराधाच्च पुष्ये च कृत्तिका रोहिणी मृगः ।
द्वादशी सिद्धियोगाश्च द्वितीया सप्तमी तिथिः॥२५॥

बुधे मूलं धनिष्ठा च रेवती चाश्विनी मृगः ।
तृतीया नवमी चापि वर्जयेत् प्रतिपत्तिथिः ॥२६॥
गुरौ च दशमी पंच पौर्णमासी विशेषतः ।
पौष्णाश्विन्यनुराधा च सिद्धिः पुष्यः पुनर्वसुः ॥२७॥
जीवे शतभिषाद्रा च कृत्तिकोत्तरफाल्गुनी ।
विधिर्मृगोऽष्टमी षष्ठी चतुर्थी च विवर्जिता ॥२८॥
शुक्रे चित्रार्यमा पूषा श्रवणश्च पुनर्वसुः ।
सिद्धा चैकादशी षष्ठी प्रतिपच्च त्रयोदशी ॥२९॥
भार्गवे रोहिणी पुष्यो ज्येष्ठाश्लेषा मघा तथा ।
द्वितीया सप्तमी चापि वर्जनीया सदा बुधैः ॥३०॥
शनौ च रोहिणी स्वाती श्रवणः पूर्वफाल्गुनी ।
मघा च नवमी सिद्धा चतुर्थी च त्रयोदशी ॥३१॥
शनौ हस्तोत्तराषाढा चित्रा चोत्तरफाल्गुनी ।
रेवती च सदा वर्ज्या तिथिः षष्ठी च सप्तमी ॥३२॥

टीका-अष्टमी रवि को अ. ह. मृ. पुष्य, ३ उ, धनिष्ठा हो तो सिद्धियोग है ॥ १९ ॥ जो रवि १४ । ७ । १२ को वि, भ, ज्ये, अनु, मघा हो तो कुयोग है ॥ २० ॥ जो सोम ६ । १० को पुष्य, अनु, श्रव रो, मृ, हो तो सिद्धि योग होता है, जो सोम ११ । ६ । १३ को चि, पूर्वापाढ़, उत्तरा' पाढ़ हो तो कुयोग है ॥ २१ ॥ २२ ॥ जो भौम ८ । ३ । ७ । १३ को मृ अ, आश्ले, मृ उ, भा हो तो सिद्धियोग है ॥ २३ ॥ जो भौम २ । १० को श, आ, ध, पू, भा, मघा,

उ, पा, हो तो कुयोग है ।। २४ ।। जो बुध १२ । २ । ७ को अनु पुष्य कृ, रो, म, हो तो सिद्धि योग होता है ॥ २५ ॥ जो बुध ३ । ९ । १ को मू, ध, रे, अ, भ, हो तो कुयोग है ॥ २६ ॥ जो गुरु ५ । १० । १५ को रे, अ, अनु, पुन पुष्य हो तो सिद्धि योग है ॥ २७ ॥ जो गुरु ८ । ४ ६ को श, आ, कृ, उ, भा, मृ, हो तो कुयोग है ॥ २८ ॥ जो शुक्र ११ । ६ । १३ को चि, उ, फा, रे, श्र, पुनर्वसु ये हों तो सिद्धि योग है ॥ २९ ॥ जो शुक्र ३ । ७ को रो, पु

र.	अ.	ह.	मू.	पु.	उ.	ध.	न.	त्त.	त्रि.	८	ति	ति	०	शुभ
र.	वि	भ.	ज्ये	अ.	म.	न.	त्त.	त्र.	१४	१२	७	ति	थि	अशुभ
च.	पु.	अ.	श्र.	र.	मृ.	न.	त्त.	त्र.	९	१०	ति	थि	०	शुभ
च.	चि	वि.	पू.	षा.	उ.	षा.	न.	११	१३	६	ति	थि	०	अशुभ
मं.	मू.	अ.	आ	मृ.	उ.	न.	त्त.	८	३	१३	७	ति	थि	शुभ
मं.	श.	आ	ध.	पू.	म.	उ.	षा.	न.	२	१०	ति	थि	०	अशुभ
बु.	अ.	वृ.	कृ.	रो.	मृ.	न.	२	७	१२	ति	थि	०	०	शुभ
बु.	मू.	ध.	रे.	अ.	मृ.	न.	१	३	९	ति	थि	०	०	अशुभ
गु.	रे.	अ.	ऽनु	पु	पु.	न.	५	१०	१५	ति	थि	०	०	शुभ
गु.	श.	आ	कृ.	उ.	रो.	मृ.	न.	८	६	४	ति	थि	०	अशुभ
शु.	चि	उ.	रे.	श्र.	पु.	न.	त्त.	११	६	१	३	ति	थि	शुभ
शु.	रो.	पु.	ज्ये	आ	म.	न.	२	७	ति	थि	०	०	०	अशुभ
श.	रो.	स्वा	श्र.	पू.	म.	न.	४	५	१३	ति	थि	०	०	शुभ
श.	ह.	उ.	चि	उ.	रे.	न.	६	७	ति	थि	०	०	०	अशुभ

आश्ले म, ज्येष्ठा हो तो कुयोग है ॥ ३ ॥ जो शनि ९ । ४ १३ को रो, स्वा, श्र, पू फा म हो तो सिद्धि योग है, जो शनि ६ । ७ को ह, उ, पा, चित्रा, उत्तरा रे, हो तो कुयोग होता है ॥ ३१–३२ ॥

नक्षत्राणांचरादिसंज्ञा

चरं चलं स्मृतं स्वाती पुनर्वसु श्रुतित्रयम् ।
क्रूरमुग्रं मघा पूर्वात्रितयं भरणी तथा ॥३३॥
ध्रुवं स्थिरं विनिर्दिष्टं रोहिणी चोत्तरात्रयम् ।
तीक्ष्णदारुणमाश्लेषा ज्येष्ठार्द्रा मूलमेव च ॥३४॥
लघुक्षिप्रं स्मृतं पुष्यो हस्तोश्विन्यभिजित्स्मृतम् ।
मृदु मैत्रं स्मृतं चित्राऽनुराधा रेवती मृगः ॥३५॥
मिश्रंसाधारणं प्रोक्तं विशाखा कृत्तिका तथा ।
नक्षत्रेष्वेषु कर्माणि नामतुल्यानि कारयेत् ॥३६॥

नक्षत्राणांसप्तधासंज्ञायन्त्रम्						
स्वा	पु.	घ.	ध.	श.	चर	चल
म.	पू.	पू.	पू.	भ.	क्रूर	उग्र
रो.	उ.	उ.	उ.	३	ध्रु.	स्थिर
श्ले.	ज्ये	आ	मू.	०	ती०	दारु
ह.	पु.	अ.	अ.	०	लघु	क्षिप्र
चि	ऽनु	मृ.	रे.	०	मृ.	मैत्र
वि	कृ.	०	०	०	मिश्र	साध्य

टीका—अब अठाईस नक्षत्रों की सात संज्ञा भिन्न२ कहते हैं उनमें प्रथम स्वाती पु० श्र० ध०श० ये नक्षत्र चर कार्य में शुभ हैं, पूर्वा ३ म० भ० ये क्रूर संज्ञक में और रोहिणी उत्तरात्रय ये ध्रुव संज्ञक नक्षत्र स्थिर कार्य मेंआश्लेषा,आ० म० ये तीक्ष्णसंज्ञक नक्षत्र तीक्ष्ण कार्य में ग्राह्य हैं ह०पु० अश्विनी ये लघु-क्षीप्र संज्ञक नक्षत्र शीघ्र

स्वल्प कार्य में ग्राह्य हैं, चि० अनु० मृ० रेवती ये मृदु मैत्र संज्ञक नक्षत्र केवल मैत्री कार्य में शुभ हैं और वि० कृ० ये मिश्र साधारण नक्षत्र सामान्य कार्य में शुभ हैं इन सबों का फल संज्ञानुसार जाने ॥ ३३–३६ ॥

शनिचक्रम्

शनिचक्रं नराकारं लिखेद्यत्र शनिर्भवेत् ।
तन्नक्षत्रं मुखे दत्त्वा यावन्नाम नरस्य च ॥३७॥
तावद्विचारयेत्तत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम् ।
एकं मुखे च नक्षत्रं चत्वारि दक्षिणे करे ॥३८॥
त्रयं त्रयं पादयोश्च वामहस्ते चतुष्टयम् ।
ललाटे द्वितयं नेत्रे हृदि पञ्च गुदे द्वयम् ॥३९॥
एकं च दक्षिणे कुक्षौ नक्षत्राणि क्रमेण च ।
हानिर्मुखे दक्षहस्ते लाभो वामे च रोगता ॥४०॥
हृदि श्रीर्मस्तके राज्यं पादे पर्यटनं फलम् ।
नेत्रे सुखं गुदे मृत्युः कुक्षौ शोकं विचिंतयेत् ॥४१॥
जपादिपूजनार्चाभिः कल्याणं जायते सदा ।
अन्यान्येव विचार्याणि वाहनानि बहूनि च ॥४२॥

टीका–अब शनिचक्र का विचार कहते हैं, शनि चक्र नराकार लिखे, जिस नक्षत्र में शनि हो वह मुखपर देकर उससे जन्म नक्षत्र तक गिने फिर शनि तक नक्षत्रादि क्रम से प्रत्येक अङ्ग पर सब नक्षत्र स्थापित करे जिस अङ्ग में जन्म नक्षत्र पड़े वहाँ का फल जाने

नराकारशनिचक्रम्

एक नक्षत्र मुखमें धरे, ४ दहिने हाथ में, ३ दक्षिण पाँव, ३ वाम पांव ४ वाम कर २ ललाट, ३ नेत्र ५ हृदय २ गुदा और १ दक्षिण कांख में क्रम पूर्वक धरे, को मुख में जन्म नक्षत्र पड़े तो हानि करे, वाम हस्त पर रोग, हृदय पर लक्ष्मी, ललाट में राजपद दक्षिण हस्त में लाभ, चरणों में भ्रमावै, नेत्र में सुख, गुदा में मृत्यु और कांख में पड़े तो शोक करे। उस निमित्त, जप, ब्राह्मण भोजनादि से कल्याण होवे। इसी प्रकार अनेक वाहनादिकों का भी विचार करे ॥ ३७–४२ ॥

शनिराशिफलम्

मेषे शनौ गुर्जरेषु प्रभासे चार्बुदे वृषे।
मिथुने जायते पीडा स्थले मूलस्थलेषु च ॥४३॥
कर्के काश्मीरके बाधा शक्रप्रस्थे मृगाधिपे।
शनैश्चरे च कन्यायां मालवाख्ये च संक्षयम् ॥४४॥
तुलावृश्चिकचापेषु यदि याति शनैश्चरः।
न वर्षन्ति तदा मेघाः पृथ्वी दुर्भिक्षपीडिता ॥४५॥
सुभिक्षं मकरे कुंभे जायते बहुधा शनौ।
मीने च सर्वलोकानां दुर्भिक्षं तु क्षयो भवेत ॥४६॥

टीका–मेष का शनि हो तो गुर्जर देश में पीड़ा करै वृष का प्रभास क्षेत्र और अर्बुद देश में मिथुन का मूलस्थ देश में कर्क

का काश्मीर देश में सिंह का इन्द्र प्रस्थ देशमें, कन्या का मालवा में पीड़ा करे, तुला, वृश्चिक व धनका हो तो मेघ न बरसें और पृथ्वी दुर्भिक्ष से पीड़ित हो कुम्भ मकर का हो तो अन्न का सुकाल करे, मीन का हो तो सर्वत्र अकाल पड़े और दुर्भिक्ष से पीड़ा होवे ॥ ४५-४६ ॥

एकस्मिन्मासे पञ्चवारफलम्

यत्र मासे रवेर्वारा जायंते पंच संततम् ।
दुर्भिक्षं छत्रभंगश्च तदस्ते च महद्भयम् ॥४७॥
सोमस्य पंच वाराश्च यत्र मासे भवन्ति हि ।
धनधान्यसमृद्धिश्च सुखयुक्तास्ति मेदिनी ॥४८॥
यत्र मासे महीसूनोर्जायन्ते पंच वासराः ।
रक्तेन पूरिता पृथ्वा छत्रभंगस्तदा भवेत् ॥४९॥
बुधस्य पंचवाराश्च जायन्ते च निरन्तरम् ।
प्रजाश्च सुखसम्पन्नाः सुभिक्षं च प्रजायते ॥५०॥
यत्र मासे पंचवारा जायन्ते च बृहस्पतेः ।
विग्रहः पश्चिमे देशे पीडा युद्धं च जायते ॥५१॥
शुक्रस्य पंचवाराश्च यत्र मासे निरन्तरम् ।
प्रजावृद्धिः सुभिक्षं च सुखं यत्र प्रवर्तते ॥५२॥
शनिवारा यदा पंच पाताले कम्पते फणी ।
ईशानदेशभंगश्च वह्निदाहो महर्घता ॥५३॥

टीका-यदि महीने में पांच रविवार हो तो अन्न महंगा, छत्र

भङ्ग तथा महाभय होवे ॥ ४७ । जो महीने में पांच सोमवार पड़े तो धन धान्य की वृद्धि और सर्वत्र सुख करे ॥ ४८ ॥ जो एक मास में पांच मंगलवार पड़े तो पृथ्वी रुधिर से पूरित तथा छत्र-भङ्ग हो जावे ॥ ४९ ॥ जो मासमें पांच बुधवार पड़े तो प्रजा सुखी होकर सुभिक्ष रहे ॥ ५० ॥ जो मास में पांच गुरुवार पड़े तो पश्चिम में विग्रह, पोड़ा युद्ध, होना सम्भव है ॥ ५१ ॥ जो महीने में पांच शुक्रवार पड़े तो प्रजा वढ़कर सुभिक्ष और सुख हो ॥ ५२ ॥ जो मासमें पांच शनैश्चर पड़े तो पाताल में शेषनाग कांप जांय ईशान देश का भङ्ग हो, अग्नि का भय और अन्न महंगा होवे ॥ ५३ ॥

अभिजिन्मुहुर्तफलम्

अंगुल्यो विंशतिः सूर्ये शंकुः सोमे च षोडश ।
कुजे पंचदशांगुल्यो बुधवारे चतुर्दश ॥५४॥
त्रयोदशगुरोर्वारे द्वादशार्कजशुक्रयोः ।
शंकुमूले यदा छाया मध्याह्ने च प्रजायते ॥५५॥
तदा चाभिजिदाख्याता घटिकैका स्मृता बुधैः ।
अत्र कार्याणि सर्वाणि सिद्धिं यांति कृतानि च ॥५६॥
जातोऽभिजिति राजा स्याद्व्यापारे सिद्धिरुत्तमा ।
महाक्रूरवियोगेन सर्वमंगलदायिनी ॥५७॥

टीका-रविवार को २० अंगुल की और सोम को १६ मंगल १५ बु. १४, बृ. १३, शुक्र १२, शनिको १२ अंगुलका शंकु (सीक) खड़ा करे । जब दो प्रहर के अंत अभिजित् मुहूर्त एक घड़ी का होता है, वह सब कार्य में सिद्धिप्रद होता है ।

अथाभिजिन्मुहूर्तयंत्रम्							
वार	र.	च	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
अं.	२०	१०	१५	१४	१३	१२	११

यदि अभिजिन् नक्षत्र में जन्म हो तो जातक राजा हो और सब प्रकार के व्यापार में सिद्धिप्रद होता है ॥ ५४–५७ ॥

शुक्रोदयफलम्

अर्थवृद्धिः फाल्गुने स्याच्चैत्रे च धनसंपदः ।
वैशाखे विग्रहो राज्ञां ज्येष्ठे वृष्टिश्च भूयसी ॥५८॥
आषाढे चोदिते शुक्रे जलं भवति दुर्लभम् ।
श्रावणे च पशोः पीडा भाद्रे धान्यसमृद्धयः ॥५९॥
आश्विने सर्वसंपत्तिः शुभः कार्तिकमार्गयोः ।
पौषे माघे छत्रभङ्गो यद्युदेति भृगोः सुतः ॥६०॥

टीका–जो शुक्र का उदय फाल्गुन में हो तो अन्न सस्ता होवे, चैत्र में धन सम्पत्तिकरै, वैशाख में उदय हो तो राजाओं में विग्रह (लड़ाई) करे, ज्येष्ठ में उदय हो तो वर्षा विशेष करे ॥ ५८ । आषाढ़ में हो तो जल न होवे श्रावण में हो तो पशुओं को पीड़ा करे, भादों में हो तो अन्न बहुत उपजावे ॥ ५९ ॥ जो आश्विन में हो तो सर्व संपत्ति करे, और जो कार्तिक या अगहन में हो तो शुभ है पर जो पौष या माघमें उदय हो तो छत्र भंग करे ॥ ६० ॥

होलिका धूमफलम्

पूर्वेवायुर्होलिकायाः प्रजाभूपालयोः सुखम् ।
पलायनं च दुर्भिक्षं दक्षिणे जायते ध्रुवम् ॥६१॥
पश्चिमे तृणसम्पत्तिरुत्तरे धान्यसम्भवः ।
यदि खे च शिखावृद्धिर्दुर्गंराज्ञोऽपि संक्षयेत् ॥६२॥

टीका—जो होलिका दहन के समय पूर्व को पवन चले तो राजा प्रजा को सुख करे, दक्षिण पवन चले तो देश भरमें दुर्भिक्ष करे, पश्चिम पवन चले तो तृण संपत्ति बढ़ै, उत्तर पवन चले तो धान्य वृद्धि हो और जो होली का धूआं आकाश को सीधा चढ़े तो राजा तथा किला को भी नाशकरता है ॥ ६१-६२ ॥

वर्षाशकुनः

एकादश्यां कार्तिकस्य यदि मेघः समीच्यते ।
आषाढे च तथा वृष्टिर्जायते नात्र संशयः ॥६३॥
मार्गशीर्षस्य चाष्टम्यां दृश्यन्ते विद्युतो यदा ।
तदा वृष्टिः श्रावणे च मासि संजायते ध्रुवम् ॥६४॥
कृष्णपक्षे दशम्यां च वृष्टिः पौषे च जायते ।
तदा भाद्रपदे मासे वृष्टिर्भवति भूयसी ॥६५॥
वृष्टिश्चेन्माघसप्तम्यां ज्येष्ठे मूले च वर्षते ।
नक्षत्रे वारिवाहश्च तदान्नैः पूर्यते मही ॥६६॥
पंचम्यां प्रथमे पक्षे श्रवणे च प्रवर्षते ।
पयोवाहस्तदाधान्यैर्धरा व्याप्ता जलैरपि ॥६७॥

टीका-जो कार्तिक की एकादशी को मेघ छाया करे तो आषाढ़ महीने में अवश्य वर्षा होती है ॥६३॥ मार्गशीर्ष की अष्टमी को विद्युत दिखाई दे तो श्रावण में वृष्टि हो ॥६४॥ जो पौष कृष्ण दशमी को मेघ वरसै और ज्येष्ठ में मूल नक्षत्र वरसे तो वर्षा के सब नक्षत्र उत्तम वरसें और अन्न उपजे ॥ ६५ ॥

श्रावण कृष्ण पञ्चमी में वरसै तो अन्न और जल बहुत होवे ।

आषाढेपूर्णिमाफलम्

आषाढे पूर्णिमायां तु यन्नक्षत्रं विचारयेत् ।
पूर्वाषाढे सुभिक्षं च मूले दुर्भिक्षमुच्यते ॥
उत्तराषाढकेऽश्वानां पीडा कटकसंगतिः ॥६८॥

टीका-अब आषाढ़ पूर्णिमा के नक्षत्र का इस प्रकार विचार करे जो पूर्वाषाढा हो तो सुभिक्ष, मूल हो तो दुर्भिक्ष और उत्तराषाढा हो तो घोड़ा को पीड़ा होती है।

ज्येष्ठप्रतिपत्फलम्

ज्येष्ठस्य प्रथमे पक्षे प्रतिपच्च यदा भवेत् ।
रवेर्वारस्तदा वायुर्वाति वृक्षांतकारकः ॥६९॥
अत्यन्तविग्रहो भौमे बुधे दुर्भिक्षमुच्यते ।
अनावृष्टिः शनेर्वारे जलं क्वापि न लभ्यते ॥७०॥
सोमशुक्रसुरेज्यानां यदि वारि प्रजायते ।
धनधान्यसुतोत्पत्तिर्गेहे गेहे महोत्सवः ॥७१॥

टीका-ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा तिथि को रविवार पड़े तो पवन वेग से चले और वृक्ष टूटें, भौम पड़े तो विग्रह, बुध पड़े तो दुर्भिक्ष हो, शनि पड़े तो जल कहीं न हो, सोम शुक्र और गुरु पड़ें तो धन धान्य और सन्तान से सुख होता है ॥ ६९-७१ ॥

पौषसंक्रान्ति फलम्

पौषमासस्य संक्रांतौ रविवारो यदा भवेत् ।
धान्यानां त्रिगुणं मूल्यं भौमवारे चतुर्गुणम् ॥
त्रिगुणं शनिवारे च बुधे शुक्रे समं भवेत् ॥७२॥

सुराचार्ये च सोमे च मूल्यमर्धं सुनिश्चितम् ।
क्रूरो हि लाभकृद्धान्ये सौम्यो हानिप्रदो भवेत् ॥७३॥

टीका–पौष संक्रान्ति के दिन जो रविवार पड़े तो अन्न का दाम तिगुना हो जाय, भौम को चौगुना शनि को तिगुना बुध-शुक्र को समान और गुरु-सोम को आधे तथा संक्रान्ति के दिन शुभवार पड़े तो घाटा और क्रूर वार पड़े तो नफा हो ।

मीनसंक्राति फलम्

मीनसंक्रमणे सूर्ये वारे वाति समीरणः ।
भौमे पीडा पशूनां च दर्भिक्षं च शनैश्चरे ॥७४॥
वृक्षपातः प्रजापीडा मिथ्या संचरते महीम् ।
हिंसाकामातुरा लोके यदि वृष्टिश्च तद्दिने ॥७५॥
संक्रान्तौ यदि मीनस्य बुधवारः प्रजायते ।
छत्रभंगो महामारी रोदनं भयचिंतया ॥७६॥
संक्रान्तौ सोमवारश्चेत्प्रजानां परमं सुखम् ।
भानुभौमार्किवारेषु पापयुद्धं महर्घता ॥७७॥

टीका—जो मीन की संक्रान्ति रविवार को हो तो वर्ष भर पवन चले, मंगल को हो तो पशुओं को पीड़ा, शनि को पड़े तो दुर्भिक्ष और इस दिन में भद्रा हो तो पृथ्वी पर वृक्ष गिरैं, दुखी मिथ्यावादी हिंसक और कामातुर होवैं। बुध को पड़े तो छत्र भंग महामारी, चित्तमें चिन्ता और भय उपजावै, सोम को पड़ें तो सुख हो, रवि, भौम और शनिवार को मीन की संक्रान्ति पड़े तो पाप युद्ध और अन्न महँगा होवे ॥ ७४-७५ ॥

संक्रान्तिदिननक्षत्रफलम्

संक्रांत्याश्चारनक्षत्रादात्मभावोधिगण्यते ।
त्रिकं षट्कं त्रिकं षट्कं त्रिकं षट्कं पुनः पुनः॥७८॥
पंथा भोगो व्यथा वस्त्रं हानिश्च विपुलं धनम् ।
षट्के भागे फलं श्रेष्ठं मासे मासे विचारयेत् ॥७९॥

टीका—संक्रांति समय के नक्षत्र से नाम नक्षत्र तक गिने, जो ३ तक हो तो रास्ता चलावे, ९ तक सुख भोग, १२ तक व्यथा, १८तक वस्त्र सुख, २१ तक हानि और २७ तक विपुल धन तथा भोग मिले इस प्रकार मास विचार करे ॥ ७८-७९ ॥

रोहिणी निर्णयः

राशि चक्रं लिखित्वादौ मेषसंक्रान्तिभादिकम् ।
अष्टाविंशतिकं तत्र लिखेन्नक्षत्रसंकुलम् ॥८०॥
सिंधौ द्वयं द्वयं दद्यादन्यत्रैकैकमेव च ।
चत्वारः सागरास्तत्र संधयश्चाष्टसंख्यया ॥८१॥
शृंगाणि तत्र चत्वारि तटान्यष्टौ स्मृतानि च ।
रोहिणी पतिता यत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम् ॥८२॥
जाता जलप्रदस्यैषा चन्द्रस्य परमप्रिया ।
समुद्रेति महावृष्टिस्तटे वृष्टिश्च शोभना ॥
पर्वते विंदुमात्रा च खंडवृष्टिश्च संधिषु ॥८३॥

टीका–अब वर्षा निर्णय के विषय में मुख्य विचार प्रथम रोहिणी पतन कहते हैं। पहिले द्वादश कोठा कुंडली चक्र करके रोहिणी चक्र में गर्भित करे और उस रोहिणी चक्र में २८ नक्षत्र धरे, दो-दो समुद्र में, एक-एक शृङ्गन में, एक-एक नक्षत्र संधियो में और एक-एक नक्षत्र तटों में धरे। मेष की संक्रान्ति जिस नक्षत्र में लगे उस नक्षत्र को पूर्वके समुद्रमें धरे, बाद जहाँ जहाँ इस प्रकार पहिले लिखे हैं तदनुसार धरे, फिर विचारे जो रोहिणी समुद्र में पड़े तो वर्षा अधिक होवे, शृङ्गों में पड़े तो वर्षा थोड़ी हो, संधियो में पड़े तो कभी बरसे, कभी न बरसे, तटमें रोहिणी पड़े तो अच्छी वृष्टि होवै अश्विनी के स्थान में संक्रांति दिन का नक्षत्र धर कर विचार करै ॥ ८०–८३ ॥

अथ रोहिणी चक्रम्

पू.

संधि

उत्तरा भाद्र २७

पू० भा० २६

सन्धि

शततारकार २५

तट. धनिष्ठा २४

सन्धि

श्रवण २३

ऽभिजित्. २२

तटउत्तराषा २१

सन्धि

पूर्वाषाढ़ा २०

मू० १९

सन्धि

ज्येष्ठा १

तट रे २८ शृं. शृं. ट नु ०

सिन्धु

अश्विनी १ भरणी २

सिन्धु

स्वाती १५ विशाखा १६

तट कृ ३ शृं. शृं. तट चि १४

सन्धि

४ रोहिणी

मृग ५

सन्धि

आर्द्रा

तटपुनर्वसु ७

सिन्धु

पुष्य ८

अश्लेषा ९

तट मघा १०

सन्धि

पू० फा० ११

उत्तरा फा. १२

सन्धि

ह. १३

प.

उदाहरण–मेषकी संक्रान्ति मघा नक्षत्र में है, मघा से २३

वाँ रोहिणी होता है तो पूर्व समुद्र में मघा नक्षत्रों को जहाँ पर जिस प्रकार से लिखे हैं तदनुसार लिखने पर रोहिणी उत्तर के समुद्र में पड़ती है अतः महावृष्टि योग है।

नरचक्रम्

नराकारं लिखेच्चक्रं सूर्यो यत्र व्यवस्थितः।
तन्नक्षत्रादिकं कृत्वा त्रयं दद्याच्च मस्तके ॥८४॥
मुखे त्रयं स्कंधयोश्च दद्यादेकैकमेव च।
बाहुद्वये तथैकैकं पाणयोरेकैकमेव च ॥८५॥
हृदि पंच गुदे चैकं नाभौ चैकं प्रदापयेत्।
जंघयोरेकमेकं च षड्भानि पादयोर्द्वयोः ॥८६॥
मस्तके पट्टबंधी स्यान्मुखे मिष्टान्नभोजनम्।
स्कंधेगजेन्द्रगामीस्याद् बाहौ स्नेहच्युतोभवेत् ॥८७॥
पाणौ च जायते चौरो हृदयेऽपीश्वरो नरः।
स्वल्पतोषी भवेन्नाभौ परदाररतो गुदे ॥८८॥
स्यात्प्रवासी तु जानौ च पादे स्वल्पायुषस्तथा।
नरचक्रं सूर्यनक्षत्राज्जन्मभावोधिगणयते ॥८९॥

टीका—अब नरचक्र कहते हैं। सूर्य के नक्षत्र से जन्म नक्षत्र तक गिने, जिस अङ्ग में जन्म नक्षत्र पड़े उसपर से फल कहे। जो माथेपर जन्म नक्षत्र पड़े तो कुटुम्बनायक होवे, जो मुख में पड़े तो मीठा भोजन मिले, कंधेपर पड़े तो हाथीपर चढ़े, भुजाओंमें पड़े तो स्थान भंगहो जाय, हाथोंमें पड़े तो चोरहो हृदयमें पड़े

तो मालिक हो, नाभि में पड़े तो थोड़े भोजन में सन्तुष्ट रहे और जो गुदा में जन्म नक्षत्र पड़े तो परस्त्री गामी हो, जाँघों में पड़े तो परदेश वास करे और चरणों में पड़े तो आयुष्य थोड़ी पाकर थोड़ी ही अवस्था में मृत्यु हो, यही नराकार चक्र में नक्षत्र का शुभाशुभ फल होता है ॥ ८४-८९ ॥

ग्रामवासफलम्

ग्रामनाम्नोभवेद्दृक्षं तदाद्याःसप्त मस्तके ।
पृष्ठे सप्त हृदि सप्त पादयोः सप्त तारकाः ॥९०॥
मस्तके च धनी मान्यः पृष्ठे हानिश्च निर्धनः ।
हृदये सुखसंपत्तिः पादे पर्यटनं फलम् ॥९१॥

टीका–जिस ग्राम में या नगर में वास करना चाहे, उस ग्राम के नाम से नक्षत्र वनावे जो नक्षत्र ग्राम को पावे उसी के प्रथम नाम पर्यन्त अट्ठाइसों नक्षत्र जाने। उसमें से ग्राम के नक्षत्र अदि देकर सात नक्षत्र ग्राम के माथे पर धरे ७ पीठ पर ७ हृदय पर रखकर और ७ पाँवों पर रख कर अपने नक्षत्र को देखे। जो माथे पर पड़े तो धनी होवे, सम्मान पावे, पीठ में हानि और निर्धन, हृदय में पड़े तो सुख सम्पत्ति पावे और पाँवों में पड़े तो पर्यटन करे ॥ ९०-९१ ॥

मूलवृक्षफलम्

मूलेऽष्टौ मूलवृक्षस्य घटिकाः परिकीर्तिताः ।
स्तम्भेषु षट्कघटिकास्त्वचि चैकादशस्मृतम् ॥६२॥
शाखायां च नव प्रोक्ताः पत्रे प्रोक्ताश्चतुर्दश ।
पुष्पे पंच फले वेदाः शिखायां च त्रयं स्मृतम् ॥६३॥
मूले नाशो हि मूलस्य स्तम्भे हानिर्धनक्षयः ।
त्वचि भ्रातुर्विनाशश्च शाखायां मातृपीडनम् ॥६४॥
परिवारक्षयं पत्रे पुष्पे मंत्री च भूपतेः ।
फले राज्यं शिखायां चेदल्पजीवी च बालकः ॥६५॥

टीका–अब मूल संज्ञक जो नक्षत्र हैं, उनके विचारने की रीति मूल चक्राकार कहते हैं। मूल वृक्ष बना कर ८ घड़ी मूल में धरे, ६ स्तम्भ, ११ त्वचा, ९ शाखा, १४ पत्र, ५ पुष्प, ५ फल, और ३ शिखा में ऐसे ६० घटिका से धरे, जो मूलकी ८ घड़ी में बालक का जन्म हो तो फल नाश हो स्तम्भ की ६ घड़ी में हो तो धन की हानि होवे, त्वचा की १२ घड़ी मे हो तो भ्राता का नाश होवे। शाखा की ९ घड़ी में हो तो पीड़ा करे, जो पत्रकी १४ घड़ी में हो तो परिवार क्षय हो, फूलों की पांच घड़ी में हो तो राजमन्त्री हो, फलों की ४ घड़ी जन्म हो तो राजा अथवा वंश में व देश में श्रेष्ठ हो और शिखा की ३ घड़ी में जन्म

मूल वृक्ष यन्त्रम्		
शिखा	३	अल्पायु
फल	४	राज्य
पुष्प	५	राजमंत्री
पत्र	१४	परिवार
शाखा	९	माताना
त्वचा	११	भ्राताना
स्तम्भ	६	धनहानि
मल	८	मूलनाश

हो तो आयु अल्प पावे ॥ ९२-९५॥

शुक्रादिग्रहविचारः

रेवत्यादिमृगांतं च यावत्तिष्ठति चन्द्रमाः ।
तावच्छुक्रो भवेदंधः संमुखे दक्षिणे शुभः ॥९६॥
प्राक्पश्चादुदितः शुक्रः पंच सप्त दिने शिशुः ।
विपरीतं तु वृद्धत्वं तद्वदेव गुरोरपि ॥९७॥
तृतीये दशमे षष्ठे प्रथमे सप्तमे शशी ।
शुक्लपक्षे द्वितीयस्तु पञ्चमे नवमे शुभः ॥९८॥

टीका-रेवती से मृगशिरा तक जब तक चन्द्रमा रहते हैं तब तक शुक्र अन्ध रहते हैं वह सम्मुख और दाहिने शुभ हैं, जब पूर्व वा पश्चिम में शुक्र उदय हो तो वह पांच या सात दिन तक वाल रहे अर्थात् पूर्व में उदय हो तो पाँच दिन और पश्चिम में उदय हो तो सात दिन तक वाल रहता है और पूर्व में शुक्र का अस्त हो तो वह सात दिन पहिले वृद्ध कहलाता है और पश्चिम में अस्त हो तो ५ दिन वृद्धता रहती है, इसी प्रकार वृहस्पति का भी वाल-वृद्धत्व जानना । चन्द्रमा कृष्ण पक्ष में ३ । १० । ६ । १ । ७ शुभ है और शुक्ल पक्ष में २ । ५ । ९ शुभ है ॥ ९६-९८ ॥

ताराविचारः

तारा शुभप्रदाः सर्वास्त्रिपंच सप्तवर्जिताः ।
प्रथमे दशमे षष्ठे तृतीयैकादशे तथा ॥९९॥
यदि स्यात्सबलश्चन्द्रस्तारापि क्लेशदायिनी ।
तृतीया पंचमी तारा सप्तमे च नृणां भवेत् ॥१००॥

जन्मभाद् गणयेद्धीमान् क्रमाच्च दिनभावधि ।
नवभिस्तु हरेद्भागं शेषं तारा विनिर्दिशेत् ॥ १ ॥
जन्मसंपद्विपत्क्षेमप्रत्यरिः साधको बधः ।
मैत्रातिमैत्रं ताराः स्युस्त्रिरावृत्या नवैव हि ॥ २ ॥

टीका—३ ।५।७ को छोड़ कर सब तारायें शुभ कारिणी हैं। और १। ३। १०। ११। तारा भी शुभ हैं यदि चन्द्रमा वली हो तो क्लेश देने वाली तारायें भी ३।५।७ वे मनुष्यु को कल्याण देनेवाली होती है २००।।जन्म नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिन कर भी का भाग देवे जो शेष वचे उसको, तारा जाने। जन्म संवत्, विपत्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मैत्र, अतिमैत्र ये संज्ञा तीन आवृत्ति से विचार करे। १९९–२०२ ॥

अथ तारावल यन्त्रम्

सू.	म	रा.	के.	३	६	६	१०	१	शु.
च.	१	१०	६	३	७	शु.	२	५	अशु
[illegible]	९	६	४	शा.	२	१	७	[illegible]	३
बु.	६	८	२	४	१०	११	शु.	३	७१०
गु.	२	५	७	९	११	शु.	गु.	भा	०
शु.	१	२	३	४	१	८	९	११	१२ शु

गोचरग्रह फलम्

त्रिषष्ठे दशमे भौमो राहुः केतुः शनिः शुभः ।
षष्ठेऽष्टमे द्वितीये वा चतुर्थे दशमे बुधः ॥ ३ ॥
द्वितीये पंचमे जीवः सप्तमे नवमे शुभः ।
विहाय शुक्रो दशमे षष्ठे स्यात्सप्तमे शुभः ॥ ४ ॥

ग्रहाणां गोचरं ज्ञेयं फलं विज्ञैः शुभाशुभम् ॥ ५ ॥

टीका—३।६।१० स्थान में भौम, राहु, केतु और शनि ये शुभ हैं, ६।८।२।४।१० बुध शुभ हैं, २।५ ७।९ में गुरु शुभ हैं, ११ में सब ग्रह शुभ हैं, यह गोचर ग्रहों का फल पंडित लोगों को जानना चाहिये ॥ ३ ॥ ५ ॥

पूर्णक्षीणचंद्रनिर्णयः

दशम्यवधिकृष्णे तु पक्षे पूर्णो हि चन्द्रमा ।
ततः परं क्षीणचन्द्रः शुभकार्येषु वर्जितः ॥ ६ ॥

टीका—कृष्णपक्ष की दशमी तक चन्द्रमा पूर्ण है, फिर १० दिन क्षीण है, वह शुभ कार्य में वर्जित है ॥ ६ ॥

नित्यक्षौरनिर्णयः

पुनर्वसुद्वयं क्षौरे श्रुतियुग्मं करत्रयम् ।
रेवतीद्वितयं ज्येष्ठा मृगशीर्षं च गृह्यते ॥ ७ ॥
क्षौरे प्राणहरास्त्याज्या मघा मैत्रं च रोहिणी ।
उत्तरा कृत्तिका वारा भानुभौमशनैश्चराः ॥ ८ ॥
रिक्ता षष्ठ्यष्टमी ज्ञेया क्षौरं चंद्रक्षयो निशि ।
सन्ध्या विष्टिश्च गंडान्ते भोजनान्ते च गोगृहे ॥ ९ ॥

क्षौरकममुहूर्तः						
पू.	पु.	श्र.	ध.	ह.	चि	स्वा
रे.	अ.	ज्ये	मू.	न.	श.	त्र
बु.	गु.	शु	२	२	३	
७	१०	११	१२	१२	ति	थि

टीका—पु० पु० श्र० ध० चि० स्वा० रे० अ० ज्ये० मू० ये क्षौर कर्म में ग्राह्य हैं और नक्षत्र प्राण हर्ता हैं उन्हें त्याग दे । म. अनु. रो. भ. उ. कृ. और भौम, शनि, रवि, ये वार ९।४।६।८।१४

ये तिथियाँ, रात्रि और सन्ध्या ये समय और गंडान्त, भद्रा, भोजन करने के बाद तथा गोशाला में क्षौर कर्म भूलकर भी न करे, ये सब स्थान वर्जित हैं ॥ ६-७ ॥

राज्याभिषेकमुहूर्त्तः

रेवतीयुगले पुष्ये रोहिण्यां मृगमैत्रयोः ।
श्रवणोत्तरशुक्रेषु राज्ञां स्यादभिषेचनम् ॥१०॥

टीका—रे० अ० पु० रो० मृ० श्र० उ० ज्येष्ठा इन नक्षत्रों में राज्याभिषेक करना शुभ है ॥ १० ॥

तिर्यङ्मुखादिनक्षत्राणि

रेवतीयुगलं ज्येष्ठा मैत्रं हस्तत्रयं मृगः ।
पुनर्वसुश्च विज्ञेयो गणस्तिर्यङ्मुखो बुधैः ॥११॥
वृक्षारोपणवाणिज्ये सर्वसिद्धिञ्च कारयेत् ।
वाहनानि च यंत्राणि गमनं च विधीयते ॥१२॥
पूर्वात्रयं मघाश्लेषा विशाखा कृत्तिका यमः ।
मूलं चाधोमुखो ज्ञेयो नवकोऽयं गणो बुधैः ॥१३॥
भूकार्यमुग्रकार्यं च खननं विवरस्य च ।
युद्धं चाधोमुखं यच्च तत्कार्यं कारयेद् बुधः ॥१४॥
उत्तरात्रितयं पुष्यो रोहिण्यार्द्राश्रुतित्रयम् ।
ऊर्ध्ववक्त्रो गणो ज्ञेयो नक्षत्राणां मनीषिभिः ॥१५॥
प्रासादच्छत्रगेहानि प्राकारध्वजतोरणम् ।
नानाभिषेकमश्वं च कुर्यादूर्ध्वमुखे गणे ॥१६॥

टीका—रे० अ० ज्ये० अनु० ह० चि० स्वा० मृ० पु० इन

तिर्यङ्मुख नक्षत्रोंमें वृक्षारोपण वाणिज्य वाहन, यंत्र और गमन इस कार्य को करे। पूर्वा-त्रय, आश्लेषा, वि० कृ० भ० मू० इन अधोमुख नक्षत्रों में भूमि ग्रामादि कार्य, उग्र, संधान, खनन, कूपादि कार्यों को करना चाहिये। उत्तरात्रय पुष्य रो० आ० श्र० ध० श० इन ऊर्ध्वमुख नक्षत्रों में प्रासाद, निर्माण, छत बनाना राज्याभिषेक, घोड़े आदि पर चढ़ना में शुभ है॥ १५-१६॥

अथ तिर्यङ्मुखोर्ध्वमुखयन्त्रम्									
रे.	ऽश्वि	ज्ये	ऽनु	ह.	चि.	स्वा	मृ.	पु.	तिर्य
पू.	पू.	पू.	म.	श्ले	वि.	कृ.	भ.	मू.	ऽधो
उ.	उ.	उ.	पु.	रो.	आ	श्र.	ध.	श.	ऊर्ध्व

भैषज्यमुहूर्त्तः

पुनर्वसुद्वयं पौष्णं मृगाश्वौ च करत्रयम्।
मूलं श्रुतित्रयं मैत्रं भिषक्कर्मणि गृह्यते॥१७॥
सोमशुक्रसुरेज्यानां वाराः शकुनमुत्तमम्।
लग्नेषु चापमीनेषु वृषो ग्राह्यस्तुलाधरः॥१८॥

टीका—पु० पु० रे० मृ० अ० ह० चि० स्वा० मू० श्र० श्र० ध० श० और अनु० ये नक्षत्र सोम, शुक्र, गुरु ये वार, धन, मीन वृष, तुला ये लग्न उत्तम हैं। इन सबका विचार करके वैद्य औषधि करावे॥ १७-१८॥

भैषज्यमुहूर्तयन्त्रम्							
पु.	पु.	रे.	मृ.	ऽवि.	ह.	चि	स्वा
मू.	श्र.	ध.	श.	अ.	न.	त्त.	त्र
च.	शु.	गु.	४	१२	७	२	ल

पशुनिर्गमनिर्णयः

अमावस्याऽष्टमी त्याज्या पूर्णिमा च चतुर्दशी।

रविवारो वर्जनीयो गो पशूनां च निर्गमः ॥१९॥
चित्रोत्तरा रोहिणी च श्रवणोऽपि विवर्जितः।
एतेषु पशुजातीनामशुभो निर्गमो भवेत् ॥२०॥

अथ पशुनिष्कासनमुहूर्तयन्त्रम्									
अ	भ.	कृ.	मृ.	आ	पु.	पु.	कृ.	म.	पू.
ह.	स्वा	वि	ऽनु	ज्ये	म.	पू.	ध.	स.	पू. भा
रे.	नक्षत्र	च.	म.	बु.	गु.	शु.	श	वार	पू.
५	४	३	५	६	७	८	९	१०	१३

टीका—३०।८।१५।१४ ये तिथियाँ, रविवार और तीनों उत्तरा, श्र० रो० चि० इन नक्षत्रों में पशुओं को एक स्थान से दूसरे स्थानमें लेजाना वर्जित है।

उत्तरायां विशाखायां रोहिण्यां च पुनर्वसौ।
नवम्यां च चतुर्दश्यामष्टम्यां नानयेत् पशून् ॥२१॥

टीका—तीनों उत्तरा, वि० रो० पुन० इन ६ नक्षत्रों में और ९।१४।८ ये तिथियाँ पशु ग्रहण में त्याज्य हैं॥ २१॥

क्रयविक्रयमुहूर्तः

पूर्वा मैत्रद्वय मूलं वासवं रेवती करः।
पुनर्वसुद्वयं ग्राह्यं पशूनां क्रयविक्रये ॥२२॥
पुष्पो भाद्रपदायुग्मं स्वाती श्रुतिरथाश्विनी।
हस्तोत्तरा मृगो मैत्रं तथाश्लेषा च रेवती ॥२३॥
ग्राह्याणि भानि चैतानि क्रयविक्रयणे बुधैः।
चंद्रभार्गवजीवानां वाराः शकुनमुत्तमम् ॥२४॥

टीका--पूर्वात्रय, अनु० ज्ये० मू० ध० रे० ह० पु० पु० इन

१४ नक्षत्रों में पशुओं की खरीद विक्र श्रेष्ठ है ॥ २२ ॥ पुष्य पूर्वा भा० उत्तरा भा० स्वा० श्र० अश्वि० ह० उत्तरात्रय मृ० अनु० आश्ले० रे० ये १४ नक्षत्र और चन्द्र, बुध, शुक्र ये वार क्रय-विक्रय में शुभ हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥

तिथिगण्डान्तम्

नन्दातिथेश्च नामादौ पूर्णानां च तथांतके ।
घटिकैका शुभा त्याज्या तिथिगंडे घटीद्वयम् ॥२५॥

तिथिगंडांत यंत्रम्					
५	अंत	घटी २	आ	घ.	२
१०	अंत	घटी २	आ	घ.	२
१५	अत	घटी २	आ	घ.	२

टीका—नंदा तिथि १।६।११ के आदिकी और पूर्णा ५।१०।१५के अंत की एक एक घड़ी शुभ है और २ घड़ो तिथि गंडांत है२५

नक्षत्रगंडातम्

ज्येष्ठाऽश्लेषा रेवती च नामांते घटिकाद्वयम् ।
आदौ मूले मघाश्विन्योर्भगंडघटिकाद्वयम् ॥२६॥

अथ नक्षत्रगंडांत यंत्रम्							
ज्ये	अं	घ.	२	मू.	आ	घ.	२
श्ले	अं	घ.	२	म.	आ	घ.	२
रे.	अं	घ.	२	अश्वि	आ	घ.	२

टीका—ज्येष्ठा, आश्लेषा और रेवती इनके अंतकी २ घड़ी मूल मघा और अश्विनीके आदिकी २ घड़ी नक्षत्र गडांत है। इन्हें शुभ कार्य में छोड़ देना कहा है ॥ २६ ॥

लग्नगंडांतम्

मीनवृश्चिककर्कान्ते घटिकार्धं परित्यजेत् ।
आदौ मेषस्य चापस्य सिंहस्य घटिकार्द्धकम् ॥२७॥

टीका-मीन, वृश्चिक कर्क के अन्तकी और मेष धन सिंह के आदि की आधी घड़ी को कार्य में त्याग दे ॥ २७ ॥

अथ लग्नगण्डांतम्						
१२	अं.	प. ३०	१	आ	प.	३०
८	अं.	प. ३०	९	आ	प.	३०
४	अं.	प. ३०	५	आ	प.	३०

गण्डान्तफलम्

तिथिगंडे भगंडे च लग्नगंडे च जातकः ।
न जोवति यदाजातो जीविते च धनी भवेत् ॥२८॥

टीका—उपरोक्त तिथि, नक्षत्र और लग्न के गंडांत में पैदा हुआ बालक नहीं जीता, यदि जीवे तो धनी हो ॥ २८ ॥

संवर्ताख्ययोगः

सप्तम्यां च रवेर्वारे बुधश्च प्रतिपद्दिने ।
संवर्ताख्यतस्तदा योगो वर्जनीयः सदा बुधैः ॥२९॥

टीका—सप्तमी को रविवार तथा बुधको प्रतिपद् तिथि पड़े तो संवर्ताख्य योग होता है । यह शुभ कार्य में सदा वर्जित है ॥२९॥

सिद्धियोगः

शुक्रे नंदा बुधे भद्रा शनौ रिक्ता कुजे जया ।
गुरौ पूर्णा तिथिर्ज्ञेया सिद्धियोग उदाहृतः ॥३०॥

टीका-शुक्रको नंदा, बुध को भद्रा शनिको रिक्ता भौमको जया और गुरु को पूर्णा तिथि हो तो सिद्धि योग होता है । यह शुभ कार्य में सिद्धि-प्रद है ॥ ३० ॥

अथ सिद्धियोगयन्त्रम्					
वार	गु	श.	मं.	बु.	शु.
तिथि	५	४	३	२	१
तिथि	१०	९	८	७	६
तिथि	१५	१४	१३	१२	११

विष्कुम्भादियोगाः

विष्कुंभः प्रीतिरायुष्मान् सौभाग्यः शोभनस्तथा ।
अतिगंडः सुकर्मा च धृतिः शूलस्तथैव च ॥३१॥
गंडो वृद्धिर्ध्रुवश्चैव व्याघातो हर्षणस्तथा ।
वज्रसिद्धिर्व्यतीपातो वरीयान् परिघः शिवः ॥३२॥
सिद्धिः साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मैन्द्रो वैधृतिः क्रमात् ।
सप्तविंशतिराख्याता नामतुल्यफलप्रदाः ॥३३॥

टीका–विष्कुम्भ १, प्रीति २, आयुष्मान् ३, सौभाग्य ४, शोभन ५, अतिगंड ६, सुकर्मा ७, धृति ८, शूल ९, गंड १० वृद्धि ११, ध्रुव १२, व्याघात १३, हर्षण १४, वज्र १५, सिद्धि १६, व्यतीपात १७, बरीयान् १८, परिघ १९, शिव २०, सिद्धि २१, साध्य २२, शुभ २३ शुक्ल २४, ब्रह्म २५, ऐन्द्र २६ वैधृति २७ ये योग अपने२ नाम के तुल्य ही फलको देते हैं ॥३१-३३॥

करणानि

तिथिं तु द्विगुणीं कृत्वा हीनमेकेन कारयेत् ।
सप्तभिस्तु हरेद्भागं शेषं करणमुच्यते ॥३४॥

टीका–शुक्ल प्रतिपदादि से वर्तमान तिथि तक गिनकर दूनी करे एक घटाकर सात का भाग देवे, और जो अङ्क बचे उस तिथि का दूसरा करण जान ले। प्रत्येक तिथिमें दो करण होते हैं ।

उदाहरण–वर्तमान तिथि ५ है, इसको दो से गुणा तो १० हुआ, इसमें १ घटाया तो ९ हुआ, इसमें ७ का भाग देने से २ शेष बचे अतः शुक्लपक्ष की पञ्चमी तिथिमें उत्तरार्ध में दूसरा बालव करण होना निश्चय हुआ "तिथिको दूनी, एकै ऊनी, सातै हरणं, शेषे करणम् ।

बवश्च बालवश्चैव कौलवस्तैतिलस्तथा ।
गरश्चवणिजो विष्टिः सप्तैते करणानि च ॥३५॥
कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां शकुनिः पश्चिमे दले ।
चतुष्पदश्च नागश्च अमावस्या दलद्वये ॥३६॥
शुक्लप्रतिपदायां च किंस्तुघ्नः प्रथमे दले ।
स्थिराण्येतानि चत्वारि करणानि जगुर्बुधाः ॥३७॥
शुक्लप्रतिपदांते च बवाख्याः करणो भवेत् ।
एकादशे च विज्ञेयाश्चरस्थिरविभागतः ॥३८॥

टीका—बव, वालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि ये सात करण चर संज्ञक हैं ॥ ३५ ॥ कृष्ण चतुर्दशी के अन्तदल के शकुनि नामक करण और अमावस्या के पूर्वदल में चतुष्पद नामकरण तथा अन्तदल को नाग नामक करण जाने। शुक्र प्रतिपदा के पूर्व दल को किंस्तुघ्न नामक करण जाने, इन चारों करणों को बुधजन स्थिर कहते हैं। शुक्ल परिवा के अन्तिमदल को 'बव' नामक करण कहते हैं। इस प्रकार चर स्थिर के विभाग से ११ करण माने गये हैं ॥ ३५-३८ ॥

कृष्णपक्षे करणानि

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	३०	ति
वालव	तैतिल	वणिज	बव	कौलव	गर	विष्टि	वालव	तैतिल	वणिज	बव	कौलव	गर	विष्टि	चतुष्पद	पूर्वदल
कौलव	गर	विष्टि	वालव	तैतिल	वणिज	बव	कौलव	गर	विष्टि	वालव	तैतिल	वणिज	शकुनि	नाग	परदल

शुक्लपक्षे करणानि															
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	ति
किंस्तुघ्न	बालव	तैतिल	वणिज	बव	कौलव	गर	विष्टि	बालव	तैतिल	वणिज	बव	कौलव	गर	विष्टि	पूर्वदल
बव	कौलव	गर	विष्टि	बालव	तैतिल	वणिज	बव	कौलव	गर	विष्टि	बालव	तैतिल	वणिज	बव	परदल

नक्षत्राधिपतयः

दस्रो नलो यमो धाता चंद्रो रुद्रोऽदितिर्गुरुः ।
भुजंगमश्च पितरो भगोऽर्यमदिवाकरौ ॥३९॥
त्वष्टा वायुः शक्रवह्नी मित्रः शक्रश्च निर्ऋतिः ।
जलं विश्वेविधिर्विष्णुर्वासवो वरुणस्तथा ॥४०॥
अजैकपादाहिर्बुध्न्यः पूषेति कथिता बुधैः ।
अष्टाविंशतिसंख्यानां नक्षत्राणामधीश्वराः ॥४१॥

टीका—अश्विनी के अश्विनीकुमार भरणी के यम, कृत्तिका के अग्नि, रोहिणी के ब्रह्मा, मृग के चन्द्रमा, आ० के रुद्र, पुन० के अदिति, पुष्य के गुरु, आश्ले० के सर्प, म० के पितर पू० फा० के भग, उ० फा० के अर्यमा, ह० के सूर्य, चि० के त्वष्टा, स्वा० के वायु, वि० के इन्द्राग्नी, अनु० के मित्र, ज्येष्ठा के इन्द्र, मू० के राक्षस, पू०षा० के जल, उ०षा० के विश्वेदेव, अभि० के विधि, श्र० के विष्णु, ध० के वासव, श० के वरुण, पू० भा० के अजैकपाद, उ० भा० के अहिर्बुध्न्य और रेवती के पूषा, ये नक्षत्रों के स्वामी हैं। जिस देवता की प्रतिष्ठा पूजा करनी हो, उसी का नक्षत्र ले ॥३९-४१॥

नक्षत्रदेवता (१)

नक्षत्र	अ.	भ.	कृ.	रो.	मृ.	आ.	पु.	पु.	श्ले	म.	पू.	उ.	ह.	चि
संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
देवता	अश्विनी	यम	अग्नि	ब्रह्मा	चन्द्रमा	रुद्र	अदिति	गुरु	सर्प	पितर	भग	अर्यमा	सूर्य	त्वष्टा

नक्षत्र देवता (२)

नक्षत्र	स्वा	वि	ऽनु	ज्ये	मू.	पू	उ.	ऽभि	श्र.	ध.	श.	पू.	उ.	रे.
संख्या	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८
देवता	वायु	इन्द्राग्नि	मित्र	इन्द्र	राक्षस	जल	विश्वे	विधि	विष्णु	वसु	वरुण	अजैक	अहि	पूषा

इति द्वितीयप्रकरणं समाप्तम् ।

अथ तृतीयप्रकरणं प्रारभ्यते

अङ्गस्पर्शादि प्रश्नः

शिरो मुखं कर्णनेत्रे स्पृष्ट्वा पृच्छति यो नरः ।
सुवर्णधनधान्यानां लाभस्तत्र न संशयः ॥ १ ॥
स्कन्धग्रीवाकंठहस्तस्पर्शे लाभो हि दुःखतः ।
कुक्षिनाभिसमालंभे भक्ष्यपानादि सिद्ध्यति ॥२॥
जंघालिंगकटिस्पर्शे कन्यालाभः सुतोद्भवः ।
जानुगुल्फपदस्पर्शे महाक्लेशः प्रजायते ॥३॥

केशस्पर्शे भवेन्मृत्युः फलस्पर्शे शुभं भवेत् ।
तृणांगारकसंस्पर्शे कार्यसिद्धिर्न जायते ॥४॥
काष्ठंपंकपदस्पर्शे ग्रहपीडाभयं भवेत् ।
सुगंधमद्यभांडादिस्पर्शे सिद्धिः प्रजायते ॥ ५ ॥
शून्यालये श्मशाने च शुष्ककाष्ठे च्तते तरौ ।
गुल्मभस्माधमस्थाने प्रश्ने क्लेशः प्रजायते ॥ ६ ॥
देवगेहे नदीतीरे दिव्यस्थाने शुभं भवेत् ।
शुभं दिक्ष्वीरितं सिद्धिर्विदिक्षु च न जायते ॥ ७ ॥

टीका-जो प्रश्न पूछने वाला अपने शिर, मुख, कान नेत्र हाथ को छूए हो तो निस्सन्देह धनधान्य पावे। कंधा, ग्रीवा, कंठ, हाथ छुए हो तो दुःख से लाभ हो। कांख, नाभी छुए हो तो कन्या वा पुत्र होवे। जानु, गुल्फ, पाँव, छुए हो तो महाक्लेश पावे। केश छुए हो तो मृत्यु होवे। फल छुए हो तो शुभ हो। तृण, अग्नि छुए हो तो कार्य सिद्धि न हो, काष्ठ, कीच, वस्त्र छुए हो तो ग्रह भय होवे। सुगन्ध वा मद्यपात्र छुए हो तो सिद्धि हो और शून्य गृह, श्मशान, सूखे काष्ठ पर घायल, तरु, लताओं, भस्म पर बैठे पूछे तो क्लेश पावे। देवस्थान, नदी के तीर, पवित्र स्थान में और शुद्ध दिशाओं के सन्मुख होकर पूछे तो शुभ कहे, जो विदिशा से पूछा तो अशुभ कहे ॥ १—७ ॥

लग्नप्रमाणम्

तिस्रो मीने च मेषे च घटीपंच श्रुतिः पलम् ।
चतस्रश्च वृषे कुम्भे पलाः प्रोक्तास्तु षोडश ॥ ८ ॥

मिथुने मकरे पंच घटिकाः विशिखाः पलम् ।
पंच कर्के च चापे च शशिवेदाः पलाःस्मृता ॥ ९ ॥
कन्यापंच तुले पंच पलाश्चन्द्रस्तथाग्नये ।
घटिकाः पंच सिंहेऽलौ द्वयं वेदाः पलाः स्मृताः॥१०॥
एवं लग्नप्रमाणं स्यात्कथितं पूर्वसूरिभिः ॥११॥

टीका—मीन, मेष, ३।४५ वृष, कुम्भ ४।१६ मिथुन, मकर ५।३ कर्क धन ५।४१ कन्या, तुला ५।३१ और सिंह, वृश्चिक ५।४२ इस प्रकार लग्न प्रमाण पंडित लोग कहते हैं ॥८-११॥

ग्रहदानम्

सूर्ये धेनुश्चताम्रं च गोधूमं रक्तचन्दनम् ।
चंद्रे शंखश्चन्दनं च वस्त्रं चासिततंडुलाः ॥१२॥
कुजे बृषः प्रदातव्यो रक्तवस्त्रं गुडौदनम् ।
बुधे कर्पूरमुद्गाश्च हरिद्राश्च हरिन्मणिः ॥१३॥
पीतवस्त्रद्वयं जीवे हरिद्रा चणकानि च ।
अश्वःशुक्रे सितो देयः शुक्लधान्यानि यानि च॥१४॥
शनौ तैलं तिला देयाः कृष्णागोदानमुत्तमम् ।
राहौ च महिषी छागो माषाश्च तिलसर्षपाः ॥१५॥
अजमेषौ चदातव्यौ केतौ धान्यञ्च मिश्रितम् ।
स्वर्णगोविप्रपूजाभिः सर्वेषां शांतिरुत्तमा ॥१६॥

टीका-सूर्य को लाल गौ, तांबा, गेहूँ और रक्त चन्दन । चन्द्र को शंख, चंदन, श्वेत वस्त्र, श्वेत चावल । भौम को वृषभ,

रक्त वस्त्र, गुड़ौदन। बुध को, कपूर, मूँग, हरदी, हरितमणि। बृहस्पति को दो पीतवस्त्र, हरदी, चना की दाल। शुक्र को श्वेतघोड़ा, श्वेत धान्य। शनि को तैल, तिल, काली गौ। राहुको भैंस, बकरा, उड़द, तिल, सरसों। केतुका बजरा, मेढ़ा, सतजा, सोना, गेहूँ और ब्राह्मण पूजा इत्यादिक सब ग्रहों के दोष को शान्त करते हैं ॥ १२-१६ ॥

द्वादशराशिगतगुरुफलम्

मेषे गुरौ सुभिक्षं च सुवृष्टिश्च सुखी नरः।
वृषे गुरौ स्वल्पवृष्टिः प्रजापीडा च विग्रहः ॥१७॥
अनावृष्टिः प्रजानाशो वैरं च मिथुने गुरौ।
कर्के गुरौ महावृष्टिः देशभंगो महर्घता ॥१८॥
सिंहे गुरौ सुभिक्षं च सुवृष्टिश्च प्रजासुखम्।
कन्यागुरौ रोगपीडा सुभिक्षं सस्यजन्म च ॥१९॥
तुले गुरौ सस्यनाशो बहुक्षीरं प्रजायते।
अलौ जीवे च दुर्भिक्षं राजचौरोरगाद्भयम् ॥२०॥
चापे गुरौ शुभा वृष्टिः शुभं सस्यमहर्घता।
दुर्भिक्षं मकरे जीवे राज्ययुद्धं पशुक्षयः ॥२१॥
कुम्भे गुरौ च दुर्भिक्षं धातुमूलमहर्घता।
दुर्भिक्षं दक्षिणे देशे झषे जीवे न चान्यगे ॥२२॥

टीका—जब मेष राशि में बृहस्पति आवे तब सुभिक्ष हो वर्षा अधिक हो, मनुष्य सुखी रहें और वृषराशि में बृहस्पति आवे तो वर्षा कम हो, प्रजा को पीड़ा हो, आपस में लड़ाई हो, मिथुन

में बृहस्पति आवें तब वर्षा बिलकुल न हो, सिंह के बृहस्पति होवें तो सुभिक्ष करें, वर्षा अधिक हो, प्रजा सुखी रहे कन्या के गुरु होवे तो रोगपीड़ा धान्योत्पत्ति और अन्न सस्ता हो, तुला के गुरु खेती का नाश और दूध बहुत करे, वृश्चिकके गुरु राजा, चोर सर्प-भय, तथा दुर्भिक्ष करे, धन के गुरु वर्षा खेती बहुत करैं, रस महंगा करैं, मकर के महादुर्भिक्ष, राजाओं में युद्ध और पशुओं का नाश करे, कुम्भ के दुर्भिक्ष, धातु महंगी करे तथा मीन के गुरु दक्षिण देश में सुभिक्ष करे अन्य देश में नहीं ॥ १७–२२ ॥

मासंसक्रांतिवृष्टिफलम्

मार्गकार्तिकसंक्रान्तौ वृष्टिर्वर्षति मध्यमा ।
पौषे माघे नृणां सौख्यं सस्यपूर्णा वसुंधरा ॥२३॥
चैत्रफाल्गुनवैशाखज्येष्ठानां संक्रमे घनः ।
यदि वर्षति सर्वत्र सुभिक्षं च प्रजासुखम् ॥२४॥
आषाढे संक्रमे वृष्टौ व्याधिश्च श्रावणे सुखम् ।
भाद्रे च बहवो रोगाः सुखं सर्वत्र चाश्विने ॥२५॥
इत्येषामपि संक्रान्तौ वृष्टिश्चापि शुभाशुभम् ।

टीका–जो कार्तिक मार्गशीर्ष की सक्रांतिको वृष्टि हो तो वर्षा ऋतु में मध्यम वर्षा होवे, पौष–माघमें सक्रांतिके दिन मेघ बरसे तो पृथ्वी पर प्रजा सुखी रहे और सब अन्न की अधिक उत्पत्ति हो, फाल्गुन चैत-वैशाख और ज्येष्ठ की संक्रांति में मेघ बरसे तो सर्वत्र सुभिक्ष रहे और प्रजा सुखी रहे । आषाढ़ में संक्रांति के दिन जल बरसै तो प्रजा में रोग अधिक हो । श्रावण में संक्रांति के दिन जल बरसै तो प्रजाओं को अधिक सुख हो

को अधिक सुख हो, जो भादों में संक्रान्ति के दिन मेघ वरसै तो अनेक रोग हों और जो कुवार में संक्रान्ति को जल वरसै तो आनन्द हो, यही बारहों मास के संक्रान्ति की वृष्टि का शुभाशुभ फल जानना ॥ २३-२५ ॥

शुक्लपक्षपंचमी फलम्

चैत्रस्य शुक्लपंचम्यां पूर्वे वायुर्धनागमः ॥२६॥
भाद्रे गुणत्रयं मूल्यं रसानां जायते तदा ॥२७॥
ज्येष्ठस्य शुक्लपंचम्यां वृष्टिः पश्चिममारुतः ।
तदा चतुर्गुणं मूल्यं धान्यानां कार्तिके भवेत् ॥२८॥
श्रावणे शुक्लपंचम्यां वृष्टिर्वाति दिनद्वयम् ।
दक्षिणे पश्चिमे ज्ञेयं दुर्भिक्षं धान्यसंक्षयम् ॥२६॥

टीका—अब शुक्ल पंचमी का फल कहते हैं। जो चैत शुक्ल पञ्चमी को वायु पूर्व चले और मेघ वरसें तो भादों में रस गोरस, घृत, तिगुने मोल विके, जो ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी को पश्चिम पवन चले और मेघ वरसैं तो कार्तिक में अन्न चौगुने मोल विके, जो श्रावण शुक्ल पंचमी को दो दिन पवन चले, मेघ वरसें तो दक्षिण पश्चिम में अकाल, धान्यक्षय हो ॥ २६-२९ ॥

नक्षत्रवृष्टि फलम्

चित्रास्वातिविशाखायां श्रवणे चैव वर्षति ।
सर्वरत्नं परित्यज्य कर्तव्यश्चान्नसंचयः ॥३०॥

टीका—जो चित्रा स्वाती विशाखा और श्रवण नक्षत्र में वर्षा हो तो रत्नको भी छोड़कर सबको अन्नका सञ्चय करना शुभ है।

वायुपरीक्षा

आषाढे पूर्णिमायां चेदनिलो वाति नैर्ऋते ।

अनावृष्टिर्धान्यनाशो जलं कूपे न दृश्यते ॥३१॥
आषाढे पूर्णिमायां तु वायव्ये यदि मारुतः ।
धर्मसिद्धिस्तदा लोके धनधान्यं गृहे गृहे ॥३२॥
आषाढे पूर्णिमायां चेदीशाने वाति मारुतः ।
सुखिनो हि तदा लोका गीतवाद्यपरायणाः ॥३३॥
वह्निकोणे वह्निभीतिः पश्चिमे च जलाद्भयम् ।
अन्यत्र यदि वायुःस्यात्सुभिक्षं जायते तदा ॥३४॥

टीका–आषाढ़ की पूर्णिमा को नैऋत्य कोण में पवन वहे तो वर्षा थोड़ी हो और धान्य भी थोड़ा उपजै तथा कूप सूख जाय, आषाढ़ पौर्णिमा को वायव्य में पवन चले तो लोक धर्मशील रहें, धन धान्य की वृद्धि हो, ईशान में वायु बहे तो लोक आनन्द से रहें और जो आग्नेय में पवन चले तो अग्नि का भय हो, पश्चिम में पवन चले तो जल का भय हो और उत्तर पूर्व, दक्षिण दिशाओं की हवा चले तो सुभिक्ष होवे ॥ ३१-३६ ॥

उत्पाताः

सर्वमासे पूर्णिमायां भूमिकम्पो यदा भवेत् ।
उल्कातारावज्रपातैर्ग्रसितौ शशिसूर्यकौ ॥३५॥
धूम्रकेतुः शक्रचापे ग्रहणे बहुधा तथा ।
तदाऽसौ सर्ववस्तूनां जायते च महर्घता ॥३६॥

टीका–यदि सभी मास की पौर्णिमा को भूमिकम्प, दिनमें तारा टूटे, उल्कापात, वज्रघात और चन्द्र, सूर्य ग्रसै वा केतु उदय वा इन्द्र धनुष उदय हो तो सब वस्तु महँगी होगी, ग्रहण में हो तो अवश्य महँगी होगी ॥ ३५-३६ ॥

आषाढ द्वतीयादिदिनचतुष्टयफलम् ।

आषाढे शुक्लपंचम्यां द्वितीयायां च वर्षति ।
यदि मेघस्तदा वृष्टिः श्रावणे जायते ध्रुवम् ॥३७॥
तृतीयायां पूर्ववायुः पूर्वं याति च वारिदः ।
यदि व्योम्नि तदा भाद्रे वर्षन्ति विपुलं जलम् ॥३८॥
चतुर्थ्यां दक्षिणो वायुर्मेघः पूर्वे च गच्छति ।
आश्विने च यदा माघे वृष्टिर्भवति निश्चयम् ॥३९॥

टीका--जो आषाढ़ शुक्ल पञ्चमी वा द्वितीया को मेघ बरसे तो श्रावण में विशेष वर्षा हो । ज्येष्ठ तीज को पूर्व को पवन बह कर मेघ पूर्व आकाश में जावे तो भादों में जल ज्यादा बरसे, जो चौथ को पवन दक्षिण दिशा में चले और पूर्व को मेघ जाय तो कुवार में विशेष वर्षा हो ॥ ३८-३९ ॥

वायुवर्षाज्ञानम्

पंचम्यामुत्तरे वायुर्दृश्यते च यदा बुधैः ।
तदा च कार्तिके मासे वृष्टिर्भवति भूयसी ॥४०॥
चतुष्टये च दिवसे यदा वर्षति वारिदः ।
अतिवृष्टया च दुर्भिक्षं जायते नात्र संशयः ॥४१॥
दिनद्वयं यदा वाता वान्ति दक्षिणपश्चिमे ।
तदा नश्यन्ति धान्यानि दुर्भिक्षं च प्रजायते ॥४२॥
तृतीयायां च पंचम्यां वायुः पूर्वोत्तरे यदि ।
तदा धान्यानि जायन्ते सर्वं कृतयुगोपमम् ॥४३॥

टीका–जो आषाढ शुक्ल पञ्चमी को उत्तर पवन बहे तो कार्तिक में अधिक वर्षा हो जो आषाढ़ की २।३ ४।५ को बरसे तो पृथ्वी पर अतिवृष्टि से दुर्भिक्ष पड़े, जो आषाढ़ सुदी २।३ को पवन दक्षिण से पश्चिम को जावे तो धान्य का नाश हो और दुर्भिक्ष पड़े, जो आषाढ़ सुदी ३।५ को पूरब वा उत्तर का पवन चले तो बहुत अन्न उपजे और सतयुग के समान सर्वत्र हो जाय ॥ ४०--४३ ॥

पौषमासे मूलभरणीफलम्

पौषे मूलभरण्यन्तं चन्द्रे वारे च गर्जति ।
आर्द्रादितो विशाखांते सूर्यचे च न वर्षति ॥४४॥

टीका— जो पौष मास में मूल भरणी पर्यन्त चन्द्र नक्षत्र में बादल न हो तो आर्द्रा से विशाखा तक सूर्य नक्षत्र में वर्षा न होवे ॥ ४४ ॥

परस्परक्षेत्रस्थितग्रह फलम्

यदि तिष्ठति भौमस्य क्षेत्रे कोऽपि ग्रहस्तदा ।
ऋतुमासास्तु धान्यानां जायते च महर्घता ॥४५॥
शुक्रक्षेत्रे कुजे मासे द्वये नूनं महर्घता ।
चन्द्रे च दिननाथे च सर्वरोगः शुभं तथा ॥४६॥
शनौ राहौ सर्वधान्यं समर्घं राजविग्रहम् ।
बुधक्षेत्रे रवौ चन्द्रे विरोधः सर्वभूभुजाम् ॥४७॥
उत्पत्तिस्तु सुधान्यानां पंचमासे प्रजायते ।
सुभिक्षं तु महावृष्टिः पशूनां तृणसंकुलम् ॥४८ ॥

टीका--यदि मंगल के क्षेत्र में कोई ग्रह हो तो ६ मास तक

चावल महँगा रहे, जो शुक्र के क्षेत्र में भौम का उदय हो तो २ मास महँगा रहे, जो चन्द्रमा अथवा सूर्य का उदय हो तो रोग करे, परन्तु शुभ रहे। जो शनि वा राहु उदय हो तो सर्वान्न महँगा और राजविग्रह करे। जो बुध के क्षेत्र में चन्द्र, सूर्य उदय हों तो राजाओं में विरोध करे, पाँच मास में धान्य उपजे, अति वृष्टि करे और पशुओं को तृण बहुत होवे ॥ ४५-४८ ॥

शुक्रक्षेत्रे बुधश्चन्द्रे चन्द्रक्षेत्रे भृगोः सुतः।
पाखंडिनां भवेद् वृद्धिर्धान्यानां च महर्घता ॥४९॥
बुधक्षेत्रे शनौ चन्द्रे सप्तधान्यमहर्घता।
शुक्रक्षेत्रे गुरौ भौमे कार्पासादिमहर्घता ॥५०॥
भौमक्षेत्रे शनौ राहुस्ताम्रादीनां महर्घता।
पशुनाशो धान्यवृद्धिर्गुडादीनां महर्घता ॥५१॥
गुरुक्षेत्रे शनौ राहौ स्वल्पवृष्टिस्तृणक्षयः ॥५२॥
भौमे राज्ञां विरोधः स्याद् बुधे वृष्टिश्च भूयसी।
तृणवृद्धिः पशूनां च सौख्यं धान्यबहूनि च ॥५३॥
भौमक्षेत्रे यदा संति राहुभौमार्कभार्गवाः।
षण्मासं गुडकार्पासघृतक्षीरमहर्घता ॥५४॥
मंदक्षेत्रे यदा सन्ति मंदराहुबुधास्तदा।
चतुष्पदानां नाशश्च द्विपदानां च जायते ॥५५॥

टीका-जो शुक्र की राशि में बुध व चन्द्रमा हों और चन्द्रमा की राशि में शुक्र हो तो पाखण्ड बढ़े और अन्न महँगा

हो, बुध के क्षेत्रमें शनि वा चन्द्रमा हो तो सातों अन्न महँगा बिकें, शुक्र के घर में गुरु वा भौम हो तो कपासादि नीरस वस्तुएँ महगी बिकें, जो भौम के घर में शनि वा राहु हो तो ताम्रादि धातु महँगी बिकें, शनि के घर में शनि वा राहु तो सुभिक्ष हो। जो सूर्य, चन्द्र के घर में शनि राहु हों तो पशु मरें और गुड़ादिक महँगे होवें और धान्य अधिक हो, जो गुरु के घर में शनि राहु हों तो स्वल्प वृष्टि और तृणादिकों का क्षय हो, गुरु के क्षेत्र में मंगल हो तो राजाओं में विरोध हो। जो गुरु के घर में बुध हो तो वर्षा अधिक, तृण बहुत और पशुओंको सुख हो और धान्य विशेष हों, भौम के घर में राहु, भौम, सूर्य वा शुक्र हों तो ६ मास तक गुड़, कपास, घृत और दुग्ध महँगे रहें और जो शनि क्षेत्र में राहु, शनिश्चर और बुध ये ग्रह स्थित हों तो जानवरों का और द्विपद जो पक्षी तथा मनुष्य हैं उनका नाश होवे ॥

भौमक्षेत्रे यदा सन्ति शुक्रमंदनिशाकराः।
तदा मुक्तापशूनां च शंखस्य च महर्घता ॥५६॥
भौमक्षेत्रे भार्गवश्च धान्यानां च महर्घता।
शनिक्षेत्रे रवौ चद्रे वस्त्राणां च महर्घता ॥५७॥
शुक्रक्षेत्रे गुरुभौमः प्रजापीडा प्रजायते।
ग्रहराशिसमायोगे फलमेतत्प्रकीर्तितम् ॥५८॥

टीका—जो भौम-क्षेत्र में शुक्र, शनि और चन्द्रमा रहें तो क्रम से मोती, शंख और पशु महँगे हो जायँ। जो भौम-क्षेत्र में शुक्र हो तो अन्न महँगा हो, शनि-क्षेत्र में रवि, चन्द्र के उदय से

वस्त्र महँगे हों उसमें भी अरुण, पीत अवश्य हो। जो शुक्र क्षेत्र में गुरु वा भौम उदय करे तो प्रजा पीड़ा हो। उक्त ग्रह राशि का योग पड़े तो ऐसे फल कहे ॥ ५६-५८ ॥

ग्रहाणामुदयफलानि

चन्द्रोदये कुजक्षेत्रे तुषधान्यस्य वृद्धये।
चन्द्रोदये भृगुक्षेत्रे स्वल्पवृद्धिः क्रयाणके ॥५९॥
प्रजापीडा बुधक्षेत्रे सोमशुक्रोदये भवेत्।
रविक्षेत्रे तुलावृद्धिः शनिसोभृगूदये ॥६०॥
चन्द्रक्षेत्रे शुक्रचन्द्रबुधानामुदये भवेत।
षण्मासं स्याच्च दुर्भिक्षमतिवृष्टिश्च जायते ॥६१॥
उदितौ च बुधक्षेत्रे यदि राहुशनैश्चरौ।
पशुक्षयः प्रजापीडा धान्यानां च महर्घता ॥६२॥
शुक्रक्षेत्रे सोमसूर्ये सूर्यपुत्रादयो यदा।
उदयास्तमहापीडा जायते च महर्घता ॥६३॥

टीका-जो भौम क्षेत्र में चन्द्रोदय हो तो धान्य वृद्धि करे शुक्र के क्षेत्र में चन्द्रोदय हो तो खरीद करने वाले को स्वल्प वृद्धि करे। बुध के क्षेत्र में चन्द्र व शुक्र उदय हो तो प्रजा को पीड़ा करे। जो रवि क्षेत्र में शनि वा चन्द्र उदय हो तो तौल बड़े। जो चन्द्र के क्षेत्र में शुक्र, चन्द्र-बुध उदय करें तो छः मास दुर्भिक्ष रहे और वर्षा अधिक हो। जो बुध के क्षेत्र में राहु और शनैश्चर का उदय हो तो पशुओं का क्षय हो, प्रजा को पीड़ा हो, अन्न महँगा हो : शुक्र के क्षेत्र में बुध, सूर्य और शनि उदय हो तो उदय से अस्त पर्यन्त संसार में पीड़ा हो और अन्न महँगा होवे ॥ ५९-६३ ॥

यदोदयः शनिक्षेत्रे भौमभास्करयोर्भवेत् ।
घृतानां च तदा वृद्धिर्गुडानां च महर्घता ॥६४॥
यदासावुदितश्चैव शनिक्षेत्रे शनैश्चरः ।
तदास्यात्तृणकाष्ठानां लोहानां च महर्घता ॥६५॥

टीका—जो शनि के क्षेत्र में सूर्य, भौम का उदय हो तो घृत की वृद्धि हो, रक्त वस्त्र तथा मांगलिक वस्तु आदि सभी सस्ती हो जायँ तथा गुड़ादि महँगे हों। जो शनि क्षेत्र में शनि का उदय हो तो तृण, काष्ठ, लोहा महँगे होवें ॥ ६४-६५ ॥

नक्षत्रगतग्रहफलम्

आर्द्रायान्तु यदा भौमः शनिरग्नेस्तथा भवेत् ।
बुधो भाद्रे च दुर्भिक्षं भृगुनन्दने ॥६६॥
गुरुर्यदा विशाखायां तदा धान्यमहर्घता ।
मंगलं वर्षकाले च शनौ सर्वत्र मंगलम् ॥६७॥
सुभिक्षं चानुराधायां यदि कोऽपि ग्रहो भवेत् ।
कल्याणं च सुभिक्षंचाश्लेषायां संस्थिते गुरौ ॥६८॥
कार्पासा बहवो मंदे भौमे कटकपीडनम् ।
बुधे तिलाश्च माषाश्च महर्घा वर्षकालतः ॥६९॥
सूर्ये सर्वाणि धान्यानि महर्घाणि भवन्ति च ।
शुक्रे च महती वर्षाः सस्यानि सकलानि च ॥७०॥

टीका-जो आर्द्रा का भौम व कृत्तिका का शनि और पूर्व-भाद्रपद का बुध हो तो दुर्भिक्ष करे और जो शुक्र हो तो सस्ती हो ॥६६॥ जो विशाखा के गुरु हों तो अन्न महँगा हो परन्तु वर्ष पर्यन्त मंगल रहे, जो शनि हो तो सर्वत्र मंगल हो और मंगल कार्य होवे ॥ ६७ ॥ जो अनुराधा का कोई ग्रह हो तो सुभिक्ष हो और जो आश्लेषा का गुरु हो तो प्रजा का कल्याण हो और अन्न की सस्ती हो ॥६८॥ आश्लेषा के शनि हो तो कपास बहुत हो, जो भौम हो तो फौज को पीड़ा करे, आश्लेषा के बुध हों तो वर्ष तक तिल और उड़द महँगे हो जाँय, जो आश्लेषा के सूर्य हों तो सब अन्न महँगे हों और जो आश्लेषा के शुक्र हों तो वर्षा बहुत हो और सब प्रकार के अन्न बहुत उत्पन्न होवें ॥ ६९-७० ॥

मूलादिनक्षत्रगतगुरुफलम्

मूले कुलित्थमुद्गानां गुरौ वृद्धिः प्रजायते ।
भौमे मुद्गस्य नाश स्याद् बुधे च सर्वसंपदः ॥७१॥
पूर्वाषाढागते भौमे पीडा च पशुपक्षिणाम् ।
केतौ तत्रगते मंदे जायते च महर्घता ॥७२॥
उत्तराषाढके जीवे गुडानां च महर्घता ।
भौमे च पशुजातानां जायते हि महर्घता ॥७३॥
अभिजिन्नामनक्षत्रे यदा छायासुतो भवेत् ।
सर्वसस्यानि जायन्ते सुभिक्षं च कुजे तथा ॥७४॥
श्रवणे च यदा जीवस्तदा स्युः सर्वसंपदः ।
बुधे राजसुतत्रासः शनौ भूरीक्षुकारकः ॥७५॥

कृत्तिकायां च रोहिण्यां यदा जीवो हि तिष्ठति ।
मध्यमानि च सस्यानि तदा वृष्टिश्च मध्यमा ॥७६॥
आर्द्रायां मृगशीर्षे च यदा वाचस्पतिः स्थितिः।
दुर्भिक्षं स्यादनावृष्टिः प्रजानां च सदाऽशिवम्॥७७॥
फाल्गुनीद्वयहस्तेषु मघायां च यदा गुरुः ।
सुभिक्षं च सुवृष्टिश्चप्रजानां स्यादरोगता ॥७८॥

टीका–जो मूल का गुरु हो तो कुलत्थि और मूँग वहुत हो जो भौम हो तो मूँग का नाश हो, वुध हो तो सर्व संपदा हो ॥७१॥ जो पूर्वाषाढ़ा का भौम हो तो पशुपक्षियों को अति पीड़ा हो, केतु हो तो सर्व वस्तु महँगा करे और तैसेही शनैश्चर करै ॥ ७२ ॥ जो उत्तराषाढ़ा का गुरु हो तो गुड़ महँगा हो, तो पशु महँगे होवें और जो अभिजित् का शनि वा भौम हो तो सर्वान्न उपजे और सुभिक्ष हो । ७३–७४ ॥ श्रवण का गुरु हो तो सव सम्पदा करे, वुध हो तो राजपुत्र को पीड़ा करे, शनि हो तो ऊखका विनाश हो ॥ ७५ ॥ जो कृत्तिका वा रोहिणी का गुरु हो तो अन्नमध्य उपजे और वर्षा मध्यम हो ॥ ७६ ॥ जो आर्द्रा तथा मृगशिरा के गुरु हो तो दुर्भिक्ष हो, थोड़ी वर्षा और प्रजा सदा कल्याण रहित हो ॥ ७७ ॥ मघा, पूर्वा उत्तराफाल्गुनी और हस्त इन नक्षत्रों पर गुरु हो तो सुभिक्ष और आरोग्यता होवे ॥७८॥

चित्रास्वात्योर्यदा जीवस्तदा चित्रपयोधराः ।
विचित्राणि भवन्त्येव सस्यानि च क्वचित्क्वचित् ॥७९॥
विशाखामैत्रयोर्जीवे धान्यं वर्षा च मध्यमा ।

ज्येष्ठामूले मासयुग्मं वृष्टिर्मासद्वयेन च ॥८०॥
पूर्वाषाढोत्तराषाढस्थितो यदि बृहस्पतिः ।
तदारोग्यं सुभिक्षं च सुवृष्टिश्च प्रजायते ॥८१॥
अनावृष्टिश्च दुर्भिक्षं रेवत्यां संस्थिते गुरौ ।
धनिष्ठायां च शुक्रेऽपि पीडा भवति हस्तिनाम् ॥८२॥

टीका-चित्रा तथा स्वाती का गुरु हो तो विचित्र वर्षा हो, कहीं २ विचित्र पृथ्वी फूले फले और धान्य कहीं २ हो ॥७९॥ विशाखा और अनुराधा का गुरु हो तो वर्षा और अन्न मध्यम रहे, ज्येष्ठा और मूल के गुरु में दो मास में वर्षा हो ॥ ८० ॥ पूर्वाषाढ़ा तथा उत्तराषाढ़ा के गुरु में प्रजा आरोग्य रहे, वर्षा अच्छी हो और सुभिक्ष रहे ॥८१॥ जो रेवती का गुरु हो तो वर्षा न हो तथा अन्न महँगे होवें, धनिष्ठा का शुक्र हो तो हाथियों को पीड़ा हो ॥ ८३ ॥

इति तृतीयप्रकरणं समाप्तम् ।

चतुर्थप्रकरणं प्रारभ्यते

तत्रादौ होडाचक्रम्

अब नक्षत्रों का विचार करते हैं। एक नक्षत्र के चार चरण होते हैं। जिस चरण में जन्म हो और उस चरण के आदि अक्षर से बालक तथा कन्या का नाम धरे, यथा :—

चू, चे, चो, ला, अश्विनी १ ली, लू, ले, लो, भरणी २ आ, ई, उ, ए, कृत्तिका ३ ओ, वा, वी, वू, रोहिणी ४ वे,

वो, का, की, मृगशिरा ५ कु, घ, ङ, छ, आर्द्रा ६ के, को, हा, ही, पुनर्वसु ७ हू, हे, हो, डा, पुष्य, ८ डी, डू, डे, डो, आश्लेषा ९ मा, मी, मू, मे, मघा १० मो, टा, टी, टू, पूर्वाफा० ११ टे, टो, पा, पी, उत्तराफा० १२ पू, ष ण, ठ, हस्त १३, पे, पो, रा, री, चित्रा १४ रू, रे, रो, ता, स्वाती १५ ती, तू, ते, तो, विशाखा १६, ना, नी, नू, ने, अनुराधा १७ नो, या, यी, यू, ज्येष्ठा १८ ये, यो, भा, भी, मूल १९ भू, धा, फा, ढा, पूर्वाषाढ़ा २० भे, भो, जा, जी, उत्तराषाढ़ा २१ जू, जे, जो, खा, अभिजित् २२ खी, खू, खे, खो, श्रवण २३, गा, गी, गू, गे धनिष्ठा २४ गो, सा, सी, सू, शतभिषा २५ से, सो, दा, दी, पूर्वाभाद्रपदा २६ दू, थ, झ, ञ, उत्तराभाद्रपदा २७ दे, दो, चा, ची रेवती ॥ २८ ॥

अथ सपादनक्षत्रद्वयतो राशिक्रमः

सप्तविंशतिभानां च नवभिर्नवभिर्नवैः ॥
अश्विनीप्रमुखानां च मेषाद्या राशयः स्मृताः॥१॥

अश्विनी, भरणी, कृत्तिका पादं मेषः १,
कृत्तिकायास्त्रयः पादा रोहिणीमृगशिरोर्द्धं वृषः २,
मृगशिरोर्द्धमार्द्रापुनर्वसुपादत्रयं मिथुनः ३,
पुनर्वसोः पादमेकं, पुष्याश्लेषान्तं कर्कः ४,
मघाचपूर्वाफल्गुन्युत्तराफल्गुन्योः पादमेकं सिंहः ५,
उत्तराफल्गुन्याः त्रयः पादाः हस्तचित्रार्द्धं कन्या ६,
चित्रार्द्धं स्वातिविशाखापादत्रयं तुला ७, विशाखा

पादमेकमनुराधाज्येष्ठान्तं वृश्चिकः ८, मूलं च पूर्वा-
षाढोत्तराषाढापादमेकं धनुः ६, उत्तरायास्त्रयः पादा
अभिजिच्छ्रवणधनिष्ठार्द्धं मकरः १०, धनिष्ठार्द्धं
शतभिषापूर्वाभाद्रपदारेवत्यन्तं मीनः १२ ॥

तनुर्धनं सुखं मित्रं पुत्रशत्रुकलत्रकाः ।
मरणं धर्मकर्मायव्यया द्वादश राशयः ॥ २ ॥

इति सपादनक्षत्रराशिक्रमः

द्वादशभावाः

१	२	३	४	५	६	७	८	६	१०	११	१२
तनु	धन	सुख	सुहृद्	पुत्र	शत्रु	कलत्र	मृत्यु	धर्म	कर्म	आय	व्यय

ग्रहाणां विंशोपकादृष्टिः

तृतीये दशमे पंच नव पंचमयोर्दश ।
दशपंचाष्टमे तुर्ये सप्तमे विंशतिस्तथा ॥ ३ ॥
विश्वास्तु ग्रहदृष्टीनामेषु स्थानेषु प्रोच्यते ।
पंचविंशोपकं प्रोक्तं पादमेकं क्रमाद् बुधैः ।
आयव्यये धने षष्ठे लग्ने खेटो न दृश्यते ॥ ४ ॥

टीका-अब सब ग्रहों की दृष्टि कहते हैं । तीसरे, दशवें पर पाँच विश्वा पाददृष्टि को १ चरण । नवें, पाँचवें पर १० विश्वे का अर्धदृष्टि २ चरण जाने, चौथे, आठवें पर १५ विश्वा का पाददृष्टि ३ चरण जाने तथा सातवें पर बीसों विश्वा का सम्पूर्ण

४ चरण से देखते हैं। आय ११ व्यय १२, धन २, लग्न १, षष्ठ ६, इन स्थानों में कोई ग्रह की दृष्टि नहीं होती है ॥४॥

तृतीये दशमे मन्दो नवमे पंचमे गुरुः।
विंशतिं वीक्ष्यते विश्वांश्चतुर्थे चाष्टमे कुजः ॥ ५ ॥

टीका—तीसरे ३, दशम में १०, शनि। नव ९ में पाँच ५ में गुरु और चौथे ४ आठ ८ में मंगल ये इस प्रकार तीनों ग्रह बीस विश्वा संपूर्ण दृष्टि जहाँ तहाँ देखते हैं ॥ ५ ॥

रविवारयुक्तामावास्याफलम्

रविवारेण संयुक्ता यदा स्यान्माघज्येष्ठयोः।
अमावास्या तदा पृथ्वी रुण्डमुण्डा च जायते ॥६॥

टीका—माघ और ज्येष्ठ की अमावस्या को जो रविवार पड़े तो रुण्ड मुण्ड पृथ्वी में परे अर्थात् पृथ्वी में बहुत लोग मरें ॥६॥

दिनरात्रिप्रमाणम्

अयनात् त्रिगुणा मासा एक पंचाशता युताः।
दलिता घटिका ज्ञेयाः पलास्त्रैगुण्यवासराः ॥ ७ ॥

टीका—जिस दिन मकर का अयन लगे उसने वर्तमान दिन तक जो मास पूरा बीता हो उसे तिगुना करे, फिर ५१ उसमें जोड़ कर आधा करे बाकी हो वही घड़ी जाने। और महीनों से अधिक जो दिन बढ़े तो तिगुना करै जो अङ्क हो उतने पल उन घड़ियों में जोड़ कर उसी दिनका दिन प्रमाण शुद्ध इस प्रकार जाने और कर्क के अयन के दिन मीन से इस प्रकार गणित से रात्रि प्रमाण जाने, परन्तु उत्तरायण के सूर्य में दिन बढ़ता है

इसलिये दिन प्रमाण और दक्षिणायन में रात्रि बढ़ती है इसलिये रात्रि प्रमाण जाने ॥ ७ ॥

उदाहरण–सु० ८ को देखना है। पूस वदी २ को मकर का अयन हुआ, वर्तमान मास तक ४ मास गत हुआ, ४ को ३ से गुणा तो १२ हुआ, इसमें ५१ जोड़ा तो ६३ हुआ, इसका आधा ३१॥ दंड दिन मान उस दिनका है और ४ मास से ६ तिथि ज्यादे है, इसको ३ से गुणा १८ हुआ, यही पल हुआ अर्थात् ३१ घ० १८ पल दिनमान हुआ ॥ ८ ॥

त्रयोदशदिनात्मकपक्षफलम्

एकपक्षे यदा यान्ति तिथयश्च त्रयोदश ।
त्रयस्तत्र क्षयं यान्ति वाजिनो मनुजा गजाः ॥ ८ ॥

टीका–जो एक पक्ष में तरह १३ तिथि हों तो मनुष्यों का नाश करे और घोड़े तथा हाथियों का क्षय करे। यह त्रयोदश दिन का पक्ष तीनों योनि को निषिद्ध है ॥ ८ ॥

वह्निचक्रम्

सूर्ययुक्ताच्च नक्षत्राद् दिनभं च त्रयं त्रयम् ।
आदित्यश्च बुधःशुक्रःशनिश्चन्द्रः कुजस्तथा ॥ ९ ॥
जीवो राहुश्च केतुश्च होमे क्रूरा न शोभनाः ।
आदित्ये तु भवेच्छोको बुधे सम्पत्तिरुत्तमा ॥१०॥
शुक्रे चैव धनप्राप्तिः शनौ पीडा च जायते ।
चंद्रे भवति लाभश्च भौमे च बुधबंधनम् ॥११॥
गुरौ परमकल्याणं राहौ हानिश्च सर्वदा ।

केतौ च प्राणसंदेहो वह्निचक्रमुदाहृतम् ॥१२॥

टीका–जिस नक्षत्र के सूर्य हों वहाँ से तीन तीन नक्षत्र सूर्यादि ग्रहों को बाँट देवे। सूर्य, बुध, शुक्र, शनि, चन्द्र, मंगल बुध, गुरु, राहु, केतु इस क्रमसे दिनके नक्षत्रका विचार करे, जो क्रूरके भागमें पड़ें तो शोक प्रद है, बुध उत्तर संपत्ति, शुक्र धर्म-प्रद, शनि–पीड़ा, चन्द्र–लाभ भौम वन्धन करे, गुरु परम कल्याण, राहु–सदा हानि और केतु के भाग में प्राण हानि हो। इस प्रकार वह्निचक्र जाने (सूर्य के नक्षत्र से ४ से ९ तक १३ से १५ तक १९ से २१ तक श्रेष्ठ है।)

उदाहरण–कृत्तिका के सूर्य में और पुष्य नक्षत्रमें हवन करना है। कृत्तिका से पुष्य ६ हुआ अतः बुध के मुख में आहुति जायगी अतः श्रेष्ठ फल है॥ ९-१२॥

होमकर्मण्यग्निचक्रम्

सैकातिथिर्वारयुताकृताप्ता शेषे गुणेऽभ्रे भुवि वह्निवासः
सौख्याय होमे शशियुग्मशेषे प्राणार्थनाशौ दिवि भूतले च

टीका–अब होम कर्ममें अग्निचक्र कहते हैं। तिथि, वार, जोड़कर एक और मिलावे और चार का भाग दे, तीन (शून्य) बचे तो अग्नि पृथ्वी में जाने, वह सुखप्रद है और एक बचे तो स्वर्ग में जाने वह धन का नाश करे, दो बचे तो पाताल में जाने वह प्राण नाशक होता है।

उदाहरण–तिथि ६ में १ मिलाया तो ७ हुआ, इसमें गुरु-वार की संख्या ५ मिलाया तो १२ हुआ, इसमें ९ का भाग देने से ३ शेष बचा, भूमि में अग्निवास यह शुभ है॥ १३॥

संवत्सरनामानि

प्रभवो विभवः शुक्लः प्रमोदोऽथ प्रजापतिः ।
अंगिराः श्रीमुखोभावो युवा धाता तथेश्वरः ॥१४॥
बहुधान्यः प्रमाथी च विक्रमो वृषभस्तथा ।
चित्रभानुः सुभानुश्च तारणःपार्थिवो व्ययः ॥१५॥
ब्रह्मविंशतिरित्येको सृष्टिरत्र प्रजायते ।
सर्वजित्सर्वधारी च विरोधी विकृतिस्तथा ॥१६॥
खरो नंदननामा च विजयश्च जयोऽपरः ।
मन्मथो दुर्मुखश्चैव हेमलम्बीविलम्बिकौ ॥१७॥
विकारी शर्वरी चाथ प्लवश्च शुभकृत्तथा ।
शोभनश्च तथा क्रोधी विश्वावसुस्तथापरः ॥१८॥
पराभवाख्यो ह्यपरो विष्णोरित्येव विंशतिः ।
प्लवंगः कीलकः सौम्यस्तथा साधारणोऽपरः ॥१९॥
विरोधकृत्समाख्यातः परिधावी प्रमादकृत् ।
आनंदो राक्षसश्चाथ नलश्च पिंगलस्तथा ॥२०॥
कालः सिद्धार्थिरौद्रौ च दुर्मतिर्दुन्दुभिस्तथा ।
अपरो रुधिरोद्गारी रक्ताक्षी क्रोधनस्तथा ॥२१॥
क्षयकृत्परतश्चान्यो रुद्रस्यापि तु विंशतिः ।
वत्सराः षष्टिराख्याता नामतुल्यफलप्रदाः ॥२२॥

टीका–प्रभव १ विभव २ शुक्ल ३ प्रमोद ४ प्रजापति ५ अङ्गिरा ६ श्रीमुख ७ भाव ८ युवा ९ धाता १० ईश्वर ११ बहुधान्य १२ प्रमाथी १५ विक्रम १४ वृषभ १५ चित्रभानु १६ सुभानु १७ तारण १८ पार्थिव १९ और व्यय २० इति ब्रह्मविंशतिः ॥ सर्वजित् १ सर्वधारी २ विरोधी ३ विकृति ४ खर ५ नन्दन ६ विजय ७ जय ८ मन्मथ ९ दुर्मुख १० हेमलम्बी ११ विलम्बी १२ विकारी १३ शर्वरी १४ प्लव १५ शुभकृत् १६ शोभन १७ क्रोधी १८ विश्वावसु १९ और पराभव २० ॥ इति विष्णुविंशतिः ॥ प्लवंग १ कीलक २ सौम्य ३ साधारण ४ विरोधकृत् ५ परिधावी ६ प्रमाथी ७ आनन्द ८ राक्षस ९ नल १० पिंगल ११ काल १२ सिद्धार्थ १३ रौद्र १४ दुर्मति १५ दुन्दुभि १६ रुधिरोद्गारी १७ रक्ताक्षी १८ क्रोधन १९ क्षय २० ॥ इति रुद्रविंशतिः । ये ६० संवत्सर अपने नाम के अनुसारही फल देते हैं ॥

राशीशाः

मेषवृश्चिकयोर्भौमः शुक्रो वृषतुलाधिपः ।
बुधः कन्यामिथुनयोः पतिः कर्कस्य चन्द्रमा ॥२३॥
स्वामीज्यो मीनधनुषोः शनिर्मकरकुंभयो ।
सिंहस्याधिपतिः सूर्यः कथितो गणकोत्तमैः ॥२४॥
कन्याराहुगृहं प्रोक्तं केतोश्च मिथुनं स्मृतम् ।
राहोर्नीचं धनुश्चैव केतोस्तस्माच्च सप्तमम् ॥२५॥

टीका--मेष, वृश्चिक, के स्वामी मंगल, वृष, तुला के शुक्र कन्या मिथुन के बुध, कर्क के चन्द्रमा, मीन, धन के गुरु, मकर, कुम्भ

के शनि, सिंह के सूर्य, कन्या के राहु और मिथुन के स्वामी केतु हैं ॥ २३-२५ ॥

नक्षत्रज्ञानम्

कार्तिकाद्द्विगुणा मासा गताभिस्तिथिभिर्युताः।
सप्तविंशतिभिस्तष्टा दिनतारैकसंयुताः ॥२६॥

टीका-कार्तिक से गतमास तक गिनकर दूना करे और उसमें गत तिथि जोड़कर २७ का भाग देवे जो शेष बचे वही नक्षत्र जाने और अश्विनी से गिने ॥ २६ ॥

संक्रांतिक्रिया

वारे रूपं तिथौ रुद्रा घट्यां पंचदशैव च ।
एकत्रिंशत्पले दद्यात्सूर्यसंक्रमणं भवेत् ॥२७॥

टीका-अब संक्रान्ति क्रिया कहते हैं। वर्ष की संक्रांति के वार में एक जोड़े तिथियों में ११ जोड़े तथा घड़ियों में १५ जोड़े और पल में ३१ जोड़े (विपल में ३० जोड़े)

उदाहरण-सं० १९९१ की मेष संक्रान्ति वैसाख के अमावस शुक्र के घ. २६-प. ५५ पर लगी। इसके वार ६ में १ मिलाया तिथि ३० में ११ घ. २६ में १५ पल ५५ में ३१ विपल में ३० तो सं. १९९२ की मेष संक्रान्ति का वारादि ७।११।२२।२६।३० हुआ, अर्थात् चै. शु ११ शनि के घ. ४२ प. २६. वि. ३० पर संक्रान्ति होगी। इस भाँति जहाँ संक्रान्ति बनानी होय वहाँ की संक्रान्ति में जोड़कर भाग देवे, वह दूसरे वर्ष की शुद्ध संक्रान्ति बन जायगी ॥ २७ ॥

शुक्रोदयनिर्णयः

साधाष्टमासे पूर्वस्मिन्नुदितो दृश्यते भृगुः ।
सार्धमासद्वयं सूर्ये मंडले च ततो भवेत् ॥२८॥
उदितः पश्चिमे भागे नवमासं च वीदृश्यते ।
दशाहं सूर्यमध्ये तु ततश्चास्तमितो भवेत् ॥२९॥
एकग्रामे पुरे वापि दुर्भिक्षे राजविग्रहे ।
तीर्थयात्राविवाहादौ शुक्रदोषो न विद्यते ॥३०॥

टीका–साढ़े आठ मास शुक्र पूर्व में उदय रहते हैं, अढ़ाई मास सूर्यमंडल में रहते हैं और इसके उपरान्त ९ मास पश्चिम में उदय होते हैं, फिर दस दिन सूर्य मंडल में, फिर पूर्व में उदय होते हैं। एक ग्राम में शुक्रदोष नहीं होता। दुर्भिक्ष, राजविग्रह, विवाह और तीर्थयात्रा में शुक्र दोष न गिने। यही शुक्रदोष का परिहार है ॥ २८–३० ॥

नक्षत्रसंज्ञा

दशार्द्राद्यास्त्रयस्तारा विशाखाद्या नपुंसकाः ।
तिस्रस्ततश्च मूलाद्याः पुरुषाश्च चतुर्दशाः ॥३१॥
स्त्री पुंसयोर्महावृष्टिः स्त्रीनपुंसकयोः क्वचित् ।
स्त्रीस्त्रियोःशीतलच्छाया योगः पुरुषयोर्न च ॥३२॥

टीका–आर्द्रादि १० नक्षत्र स्त्री संज्ञक हैं। विशाखादि ३ नपुंसक हैं। मूलादि १४ पुरुषसंज्ञक हैं। स्त्री पुरुष नक्षत्र में सूर्य्य आवे तो महावृष्टि हो। स्त्री नपुंसक में थोड़ा बरसै। स्त्री स्त्री में मेघ की छाया मात्र रहे और पुरुष पुरुष में वर्षा ही न होवे।

नक्षत्रग्रहवर्षभेदः

उदयास्तगतः शुक्रो बुधश्च वृष्टिकारकः ।
जलराशिस्थिते चन्द्रे पक्षान्ते संक्रमे तथा ॥३३॥
बुधः शुक्रसमीपस्थः करोत्येकार्णवां महीम् ।
तयोरन्तर्गतो भानुः समुद्रमपि शोषयेत् ॥३४॥
चलत्यंगारके वृष्टिस्त्रिधा वृष्टिः शनैश्चरे ।
वारिपूर्णां महीं कृत्वा पश्चात्संचरते गुरुः ॥३५॥
भानोरग्रे महीपुत्रो जलशोषः प्रजायते ।
भानोः पश्चाद्धरासूनुर्वृष्टिर्भवति भूयसी ॥३६॥

टीका--शुक्र, बुध के उदय अस्त में वर्षा हो और जलराशिस्थ चन्द्रमा में, पक्ष के अन्त में संक्रांति पड़े तो वर्षा हो ॥३३॥ जो बुध, शुक्र समीप हों तो पृथ्वी भर में जल बरसै । जो उनके बीच में सूर्य आ पड़े तो समुद्र जल को भी सोख लेय ॥ ३४ ॥ मंगल चले तो मेघ बरसै, शनि के उदय, अस्त तथा चलनेमें जहाँ-तहाँ जल बरसै और उसके पीछे गुरु आवै तो पृथ्वी भर में बरसै ॥ ३५ ॥ सूर्य के आगे भौम हो तो जल सोख ले, जो पीछे हो तो और वर्षा करे ॥ ३६ ॥

गृहद्वारमुहूर्त्तः

कर्के कुम्भे च सिंहे च मकरे च दिवाकरः ।
पूर्वे वा पश्चिमे वापि द्वारं कुर्याच्च वेश्मनः ॥३७॥

मेषे वृषे वृश्चिकके च तुले चापि यदा रविः ।
गृहद्वारं तदा कुर्यादुत्तरं चापि दक्षिणम् ॥३८॥
धनुर्मिथुनकन्यायां मीने च यदि भानुमान् ।
न कर्तव्यं तदा द्वारं कृते दुःखमवाप्नुयात् ॥३९॥

टीका--कन्या, कुम्भ, सिंह और मकर के सूर्य में गृह बनावे तो घर का द्वार पूर्व पश्चिम में शुभ है ॥ ३७ ॥ मेष वृश्चिक और तुला के सूर्य में उत्तर, दक्षिण घर का द्वार शुभ है ॥ ३८ ॥ धन मिथुन कन्या और मीन के सूर्य में गृह निर्माण करना अशुभ और दुःखप्रद है ॥ ३९ ॥

ग्रहणफलम्

यदैकमासे ग्रहणं जायते शशिसूर्ययोः ।
शस्त्रकोपैः क्षयं यान्ति राजानो हि परस्परम् ॥४०॥
ग्रस्तोदितौ च ग्रस्तातौ धान्यभूपालनाशकौ ।
सर्वग्रस्तौ चन्द्रसूर्यौ दुर्भिक्षमरणप्रदौ ॥४१॥

टीका--जो एक ही मास में चन्द्रसूर्य दोनों ग्रहण पड़ें तो राजाओं में क्रोध से युद्ध हो जो सूर्य तथा चन्द्रमा ग्रसित होकर उदय हो तो राजा का नाश करे, सर्व ग्रस्त हों तो दुर्भिक्ष तथा मरण होता है ॥४० ४१॥

उपरागो यदा मेषे पीडयन्ते च सदा जनाः ।
कांबोजाश्च किराताश्च पांचालाश्च कलिंगकाः॥४२

वृषे च ग्रहणे पीडा पशवः पथिका जनाः ।
महांतो मनुजाश्चैव ते पीडयन्ते च सर्वदा ॥४३॥
रविचन्द्रमसौ ग्रस्तौ मिथुने च वरांगनाः ।
पीडयन्ते वाह्लिका मत्स्या,यमुनातटवासिनः ॥४४॥
कर्कटे ग्रहणे पीडा मल्लादीनां च जायते ।
अंतरं सर्वराज्ञां च तदा मत्स्यनिवासिनाम् ॥४५॥
सिंहे च ग्रहणे पीडा सर्वेषां वनवासिनाम् ।
नृपाणां नृपतुल्यानां मनुजानां च जायते ॥४६॥
कन्यायां ग्रहणे पीडा त्रिपुष्करनिवासिनाम् ।
कवीनां लेखकानां च जायते पीडनं तथा ॥४७॥
तुलायामुपरागे च पीडनं बककाकयोः ।
कोंकणस्थाः पराश्चैव पोडयन्ते साधवश्च ये ॥४८॥
वृश्चिके ग्रहणे पीडा सर्पजातेश्च जायते ।
औदुम्बरस्य मद्रस्य चोलयौधेयकस्य च ॥४९॥
यदोपरागश्चापे च तदा मत्स्याश्च वाजिनः ।
विदेहमल्लपांचालाः पीडयंते भिषजो विशः ॥५०॥
मकरे ग्रहणे पीडा नीचानां मंत्रवादिनाम् ।
स्थावराणां जंगमानां चित्रकूटस्य संक्षयः ॥५१॥
कुंभे चैवोपरागे च पश्चिमस्थास्तथाऽर्बुदाः ।

तस्करा रोगिणो भृत्याः पीडयन्ते बहुधा बुधाः॥५२॥
मीनोपरागे पीडयन्ते जलद्रव्याणि सागराः।
जलोपजीविनो लोका ये च तत्र प्रतिष्ठिताः॥५३॥

टीका–जो मेष राशि पर ग्रहण पड़े तो कांबोज, किरात पांचाल, कलिंग देश को पीड़ा करे ॥४२॥ जो वृष पर पड़े तो पशु, पथिक और बड़े मनुष्यों को पीड़ा करे ॥४३॥ जो मिथुन पर पड़े तो श्रेष्ठ–स्त्री, वाल्हीक देश, मत्स्यादि जीव जन्तु व मत्स्य देश को वा यमुना तट वासियों को पीड़ा करे ॥४४॥ जो कर्क पर पड़े तो मल्लादिकों को अन्तर्वेदिराजा वा मत्स्य देश को पीड़ा करे।४५॥ जो सिंह पर पड़े तो सब वनवासी राजा और अन्य सब मनुष्यों को पीड़ा करे॥४६॥ जो कन्या राशि पर ग्रहण पड़े तो कवि, चतुर को पीडा करे और लेखक चित्रकारों को भी पीड़ा करे॥ ४७॥ जो तुला राशि पर पड़े तो काक बकादि पक्षिओं को कोंकण देशवासियों को और साधुओं को पीड़ा करे॥ ४८॥ जो वृश्चिक पर पड़े तो सर्प जातियों को, औदुम्बर को, चोल देशवासियों को पीड़ा करे।४९॥ धन राशि पर ग्रहण हो तो मत्स्य, घोड़ा, तपस्वी, मल्ल, पांचाल-वासी, मिथिलावासी, वैद्य और पण्डितों को पीड़ा होवे॥ ५०॥ जो मकर राशि पर ग्रहण हो तो नीच, मन्त्रवादियोंको पीड़ा करे और स्थावर, जंगम, पशु पीड़ा पावें, और चित्रकूटवासियों का क्षय हो ॥५१॥ कुम्भ राशि पर पड़े तो अर्बुद देश और पश्चिम पर्वतवासी पीड़ा पावें और चोर पीड़ित हो जायँ॥ ५२॥ मीन राशि पर पड़े तो जलजन्तु और जलद्रव्य नष्ट हो जावें॥५३॥

दैवोत्पातफलम्

चयकृत्पांसुवृष्टिश्च नीहारश्च भयंकरः ।
विद्युत्पातोऽग्निदाहोऽथ परिवेषश्च रोगकृत् ॥५४॥
दिग्दाहोऽग्निभयं कुर्यान्निर्घातो नृपभीतिदः ।
झंझावायुश्चंडशब्दश्चौरभीतिप्रदायकः ॥५५॥
ग्रहयुद्धे राजयुद्धं केतुदृष्टे तथैव च ।
ग्रहणांते महावृष्टिः सर्वदोषविनाशिनी ॥५६॥

टीका-जो विना पवन आकाशसे भयङ्कर धूलि उड़े जिसमें मनुष्य न सूझे विना मेघ बिजली चमके, अग्नि दाह और सूर्य का मण्डल पड़े तो रोग होवे, जो सूर्यास्त बाद फिर दिशाओं में अग्नि लगी सी वा पीत रंगका आकाश दीखपड़े तो अग्निभय हो सूखे मेघ गरजे तो राजाओं का भय, अति वेग से प्रचण्ड शब्द सहित वायु चले तो चोरका भय हो॥५४॥५५। ग्रहोंका युद्ध वा केतुका उदय हो तो राजाओंमें युद्ध हो और ग्रहण लगने के बाद बहुत जल बरस जाय तो सब दोष नष्ट हो जाता है ॥५६

केतु-उदय फलम्

अश्विन्यामुदिते केतौ हन्यात्स लंकपालकम् ।
भरण्यां च किरातेशं कृत्तिकायां कलिंगकम् ॥५७॥
रोहिण्यां शूरसेनेशं मृगे काशिनराधिपम् ।
आर्द्रायां जलजाधीशं भास्करेशं पुनर्वसौ ॥५८॥

पुष्ये च मगधाधीशं सार्पस्थः काशिकाधिपम् ।
मघायां बंगनाथं च पूर्वायां पांडुनायकम् ॥५९॥
उज्जयिन्या नृपं हन्ति उत्तराफाल्गुनीगतः ।
गंडकाधिपतिं हस्ते चित्रायां कुरुभूभुजम् ॥६०॥
स्वात्यां काश्मीरकम्बोलभूपतीनां विनाशकः ।
इक्ष्वाकुकुरुदेशानां विशाखायां विनाशकः ॥६१॥
मैत्रेये पौण्ड्रनाथं च सार्वभौमं तथेन्द्रकम् ।
मद्रकान्ध्रकनाथं च मूलस्थो हन्ति निश्चितम् ॥६२॥
पूर्वाषाढे काशिराजमुत्तराषाढके तथा ।
पौंड्रशैववैदेहान् श्रवणे कैकयेश्वरम् ॥६३॥
वसौ पंचनदाधीशं वारुणे सिंहलेश्वरम् ।
पूर्वाभाद्रपदे बंगं नैमिषेशं तथोत्तरे ॥६४॥
रेवत्यामुदिते केतौ किराताधिपतेर्वधः ।
धूम्राकारः सपुच्छश्च केतुर्विश्वस्य पीडकः ॥६५॥

टीका-जो अश्विनी में केतु का उदय हो तो लंका देश के राजा को पीड़ा करे, भरणी में हो तो किरात देशके राजाको पीड़ा करे, कृत्तिका में हो तो कलिंग देश के राजा को पीड़ा करे ॥५७॥ रोहिणी में केतु का उदय हो तो शूरसेन देशके राजाको, मृगशिरामें काशिराज का आर्द्रामें जलजयोनि यानी पद्मदेश के राजा को, पुनर्वसु में भास्कर देश के राजाको पीड़ा

करे ॥ ५८ ॥ पुष्य में केतु का उदय हो तो मगध देशाधिपति को, आश्लेषा में काशीपति को, मघा में वंगदेशपति को पूर्वा-फाल्गुनी में पांडुदेशपति को पीड़ा करे ॥५९॥ उत्तराफाल्गुनी में उज्जैन नृपति को, हस्त में हो तो गंडकी नदी के राजा को पीड़ा करे, चित्रा में कुरुक्षेत्र के राजा का हनन करै ६० ॥ स्वाती में हो तो काश्मीर के राजा का और कांबोज देशके भूपति का विनाश करे, विशाखा में हो तो इक्ष्वाकु देश केराजा और कुरुदेशाधिपति का विनाश करे ।। ६१ ॥ जो अनुराधा में हो तो उग्रसेन के नाथ को पीड़ा करे और ज्येष्ठा में हो तो सब पृथ्वी-पति चक्रवर्ती राजा को पीड़ा करै, मूल में हो तो अन्धक देश, मद्रकदेश के राजा को पीड़ा करे, ॥६२॥ पूर्वापाढ़ा में हो तो काशी के राजा को पीड़ा करे, उत्तरापाढ़ा में हो ता पौंड्रक देश, शैव देश और मिथिला देश के राजा को पीड़ा करे, ॥ ६३ ॥ धनिष्ठा में हो तो पंचनदी तट के राजाओं को पीड़ा करै, शतभिषा में हो तो सिंहल देश के राजा को पीड़ा करे, पूर्वाभाद्र पदा में हो तो बंगाल देश के राजा को पीड़ा करे, उत्तराभाद्रपदा में हो तो नैमिपारण्य वासियों को पीड़ा करे ॥ ६४ ॥ जो रेवती में केतु का उदय हो तो किरात देश के राजा को पीड़ा करे । उस केतु का स्वरूप धुआँ के समान पुच्छ सहित होता है । यदि पुच्छ सहित दिखाई देवे जो सर्व विश्व को दुःखप्रद होता है ॥६५॥

दीपोत्सवफलम्

भानुभौमार्किवारेषु कार्तिकेन्दुक्षयो भवेत् ।

आयुष्मान् स्वाति संयुक्तो नृपनाशः पशुक्षयः ॥६६॥

टीका—जो कार्तिक के अमावस (दिवाली) रवि, भौम शनिवार को पड़े और स्वाती नक्षत्र तथा आयुष्मान् योग संयुक्त हो तो राजाओं का नाश करे, युद्धादि अधिक हों और पशुओं का क्षय हो ॥ ६६ ॥

राशीनां निशाचरादिसंज्ञा

धनुर्नक्रं च मेषाद्याश्चत्वारस्तु निशाचराः ।
ते बिना मिथुनं पंच ज्ञेयाः पृष्ठोदया बुधैः ॥६७॥
शीर्षोदयाश्च चत्वारः सिंहाद्याः कुंभ एव च ।
दिवा बलीतु मीनश्च बली रात्रौ तथा दिने ॥६८॥

टीका–धन, मकर, मेष, वृष, कर्क और मिथुन इनकी निशाचर संज्ञा होती है और मिथुन बिना ये पाँचों की पृष्ठोदय संज्ञा कहते है ॥ ६७ ॥ सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक और कुम्भ इन राशियों की शीर्षोदय संज्ञा होती है । मीन लग्न दिन तथा रात्रि दोनों में बलवान् है ॥ ६८ ॥

दुर्भिक्ष--सुभिक्षफलम्

तद्दक्षं द्विगुणं कृत्वा रामैर्हीनं च कारयेत् ।
मुनिभिश्च हरेद्भागं शेषांके लभते फलम् ॥६९॥
चन्द्रे वेदे च दुर्भिक्षं सुभिक्षं युग्मबाणयोः ।
रामे रसे च मध्ये चशून्ये शून्यं प्रकीर्तितम् ॥७०॥

टीका--जिस लग्न में जो नक्षत्र हो उसको दूना करके उसी

में तीन ३ घटावे और सात का भाग दे जो शेष बचे वही फल जाने ॥ ६९ ॥ जो १।४ बचे तो दुर्भिक्ष कहे २.५ बचे तो सुभिक्ष कहे, ३।६ बचे तो समभाव रहे और शून्य हो तो शून्य कहा है ॥ ७० ॥

वक्रीविचारफलम्

अतिचारगते सौम्ये क्रूरे वक्रत्वमागते ।
हाहाभूतं जगत्सर्वं रुण्डमुण्डं च जायते ॥७१॥

टीका—जो सौम्यग्रह अतिचार और पापग्रह वक्री हो तो जगत् में हाहाकार मचावे, युद्ध में रुण्डमुण्ड गिरे अर्थात् घोर युद्ध होवे ॥ ७१ ॥

मन्त्रदीक्षानिर्णयः

मंत्रस्वीकरणं चैत्रे बहुदुःखफलप्रदम् ।
वैशाखे रत्नलाभश्च ज्येष्ठे च मरणं ध्रुवम् ॥७२॥
आषाढे बंधुनाशः स्यात् श्रावणे तु शुभावहम् ।
प्रजाहानिर्भाद्रपदे सर्वत्र सुखमाश्विने ॥७३॥

टीका—अत्र मन्त्र दीक्षा लेने के विषय में शुभाशुभ कहते हैं । जो चैत्र मासमें मंत्र दीक्षा ले तो बहुत दुःख पावे, वैशाख मास में दीक्षा लेवे तो रत्न लाभ हो, ज्येष्ठ मास से लेवे तो निश्चय मृत्यु हो । ॥ ७२ ॥ जो आषाढ़ मास में मंत्र दीक्षा ले तो भाई का नाश हो, श्रावण मास में मन्त्र दीक्षा ले तो शुभ हो, भाद्रपद मास में मन्त्र दीक्षा ले तो प्रजा का नाश और आश्विन मास में मन्त्रदीक्षा लेवे तो सब सुख पावें ॥ ७३ ॥

मासाः	वै. श्रा. आश्वि. कार्ति. मार्ग. मा. फा. एतन्मासेषुशुभः नाधिमासे
भानि	रो. आश्व उ.३ चि. रे. अ. पुष्य. हस्त. स्वा. पुन. मू. श्र. ध. श. शुभः
वाराः	सू. चं. बु. बृ. शु. एषुवारेषु भद्रादि दोष रहिते
तिथयः	२।३।५।६।७।१०।११।१२ एषु तिथिषु सत् कृष्णे पंचमीं यावत्
शुद्ध लग्नं	२ ३।२६ ७.९।१२।४ एतल्लग्नेषुचन्द्रतारानुकूले गुरु शुक्रयोरुदये
अशुद्धिः	लग्नात् ३।८।११। एषुपापैः १।४.५।७।९।१० एषुशुभैश्चोत्तमः

कार्तिके धनवृद्धिः स्यान् मार्गशीर्षे शुभप्रदम् ।
पौषे तज्ज्ञानहानिः स्यान्माघे मेधाविवर्धनम् ॥७४॥
फाल्गुने सुखसौभाग्यं सर्वत्र परिकीर्तितम् ।
दीक्षाकर्मफलं मासेष्वित्येव च शुभाशुभम् ॥७५॥

टीका—जो कार्तिक मास में मन्त्र दीक्षा ले तो धन की वृद्धि हो । अगहन मास में मन्त्र सुने तो शुभ है । पौष मास में मन्त्र सुने तो ज्ञानहानि हो । माघमास में सुने तो ज्ञान की वृद्धि होवे ॥ ७४ ॥ जो फाल्गुन मास में मन्त्रदीक्षा लेवे तो सुख सौभाग्य और यशस्वी हो ॥७.।

ग्रहराशिभोगकालनिर्णयः

मासं शुक्रबुधादित्याश्चन्द्रः पाददिनद्वयम् ।
भौमस्त्रिपक्षं जीवोऽब्दं सार्धवर्षद्वयं शनिः ॥
राहुःकेतुः सदा भुंक्ते सार्धमेकं तु वत्सरम् ॥७६॥

टीका-सूर्य, शुक्र, बुध एक १ मास एक राशि पर रहते हैं। चन्द्रमा सवा दो दिन रहता है। मंगल सवा मास रहता है। बृहस्पति १ वर्ष पर्यन्त रहता है। शनि अढ़ाई वर्ष पर्यन्त रहता है और राहु-केतु एक राशि में डेढ़-डेढ़ वर्ष रहते हैं ॥ ७६ ॥

चुल्हीचक्रम्

सूर्यर्क्षाद्रसपृष्ठभैः सुखयुतं वेदैः शिरो मृत्युदम् ।
बाहौ नागसुसौख्यभोगमतुलं गर्भेशरैर्नाशयेत् ॥
द्वौ द्वौ भुक्तिकरौ कलत्रमरणमंघ्रौ द्वयं च क्रमात् ।
चुल्हीचक्रविचारणं सुधिषणैःप्रोक्तं हि गर्गादिभिः॥७७॥

इति श्रीकाशीनाथ भट्टाचार्यकृतशीघ्रबोधसंग्रहेचतुर्थप्रकरणं समाप्तम् ।

टीका-सूर्य नक्षत्र से ६ नक्षत्र पृष्ठ के श्रीप्रद हैं, माथे के ४ मृत्युप्रद हैं, बाहु के आठ ८ बहुत सुखप्रद है, गर्भ के पाँच ५ नाशप्रद है, भुजा के २ भोगप्रद और चरण के २ नाशप्रद नक्षत्र है। ऐसा गर्ग आदि मुनियों ने कहा है ॥ ७७ ॥

इति श्रीदैवज्ञभूषण मातृप्रसादपाण्डेयगुम्फितशीघ्रबोधसंग्रहस्य सुधानाम्नि सोदाहरणभाषाटीकायां चतुर्थप्रकरणं समाप्तम् ।

टीकाकारवंशवर्णनम्

श्रीसाङ्कृत्यकुले मनीषिमुकुटो विश्वेश्वरोऽभूत्ततः
श्रीकालीचरणोऽङ्गदर्शनबुधः सद्धर्मविज्ञस्ततः ।
श्रीमच्छत्रधराद्धरैकगणकान्मातृप्रसादोऽस्ति योः ।
नेत्रेष्वष्टधरांशके व्यरचयट्टीकां शिवप्रीतये ॥ १ ॥

श्री सांकृत्य गोत्र में विद्वानों के मुकुट श्री विश्वेश्वर जी पूज्यपाद हुए, उनके पुत्र साङ्गवेद, सम्पूर्ण दर्शन के विज्ञ श्रीकालीचरण पूज्यवर हुए, उनके पुत्र जिसके समान धरातल में दूसरा कोई ज्योतिषी नहीं ऐसे पूज्य श्रीछत्रधर पांडेयजी हुए, उनसे मातृप्रसाद हुए है, जिन्होंने शाके १८५२ में शिवजी के प्रसन्नतार्थ इसकी सुधा नामक टीका बनायी ।

समर्पण

द्वादशं कुसुमाख्यं त्वत् कृपातः कल्पितं च यत् ।
प्रेम्णा समर्प्यते हस्ते पितुः कैलाशवासिने ॥२॥

सोदाहरणभाषाटीकान्वितो शीघ्रबोधः समाप्तः ।

श्री विश्वेश्वर प्रेस, काशी में मुद्रित ।